(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सोमवार, 13 सितंबर 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 268 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

आज किसी पहचान...8



## भूपेंद्र पटेल होंगे गुजरात के अगले मुख्यमंत्री

### विधायक दल की बैठक में लगी मुहर

अहमदाबाद। विजय रूपाणी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद गुजरात का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा ? इस पर लगातार चर्चा जारी थी। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी भाजपा ने सभी को चौंका दिया है। मुख्यमंत्री पद के लिए जो नाम चल रहे थे वो सब पीछे रह गए और भूपेंद्र पटेल के नाम पर मुहर लगी है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक भूपेंद्र पटेल गुजराज के अगले मुख्यमंत्री होंगे। आनंदीबेन पटेल के बेहद करीबी माने जाने वाले भूपेंद्र पटेल के नाम का प्रस्ताव स्वयं विजय रूपाणी ने विधायक दल की बैठक में रखा। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने विजय रूपाणी ने भूपेंद्र पटेल के नाम का प्रस्ताव रखा। जिन्हें सर्वसम्मति से चुन लिया गया।

कौन हैं भूपेंद्र पटेल

भूपेंद्र पटेल एक पाटीदार नेता हैं। उनका नाम पर मुहर लगने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने उन्हें मिठाई खिलाई। जमीन से जुड़ा नेता माने जाने वाले भूपेंद्र पटेल घाटलोडिया क्षेत्र से चुनकर विधानसभा पहुंचे थे।

विजय रूपाणी ने शनिवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अचानक इस्तीफे की घोषणा की। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि रूपाणी ने किस वजह से इस्तीफा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात की 182 विधानसभा सीटों के लिए दिसंबर 2022 में चुनाव होने हैं।

रूपाणी कब बने थे मुख्यमंत्री

विजय रूपाणी कोरोना वायरस महामारी के दौरान भाजपा शासित राज्यों में पद छोड़ने वाले चौथे मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने दिसंबर 2017 में मुख्यमंत्री के तौर पर दूसरी पारी के लिये पद की शपथ ली थी। रूपाणी सबसे पहले आनंदीबेन पटेल के इस्तीफे के बाद 7 अगस्त, 2016 को गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे और वह 2017 विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद पद पर बने रहे।

पर किए है... बस अब हिन्दी को पूरी तरह अपनी शरण में लेकर हम पर एक बड़ा उपकार कर दे।

## अप्रांसगिक हो गया जी–23, वीरप्पा मोइली बोले– प्रशांत किशोर को कांग्रेस में किया जाए शामिल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम वीरप्पा मोइली ने रविवार को कहा कि कुछ नेताओं ने जी–23 (23 असहमत नेताओं का समूह) का "दुरुपयोग" किया और कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति अब भी इस समूह के बने रहने का समर्थन करता है तो यह "निहित स्वार्थ" के लिए होगा क्योंकि सोनिया गांधी के नेतृत्व में पार्टी में सुधार पहले ही शुरू हो चुका है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर को कांग्रेस में शामिल किए जाने का भी पुरजोर समर्थन किया और कहा कि उनको पार्टी में लेने का विरोध करने वाले "सुधार विरोधी" हैं। पीटीआई–के साथ एक साक्षात्कार में, मोइली ने जी–23 समूह को कायम रखने का विरोध किया। मोइली उन 23 नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने पिछले साल सोनिया गांधी को पत्र लिखकर संगठनात्मक बदलाव की मांग की थी। उन्होंने कहा, "हममें से कुछ लोगों ने इस पत्र पर हस्ताक्षर केवल पार्टी के अंदर सुधारों के लिए और उसके पुनर्निर्माण के लिए किए थे, इसे बर्बाद करने के लिए नहीं।" कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने किसी का नाम लिए बिना कहा, ''कुछ लोगों ने जी–23 का दुरुपयोग किया। सोनिया जी ने जैसी ही पार्टी के भीतर सुधार करने का विचार किया और वह भी जमीनी स्तर से, तब से हमने जी–23 की अवधारणा को नकार दिया।"



उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में सुधारों की शुरुआत होने के साथ ही जी–23 की "कोई भूमिका नहीं रह गई और वह अप्रांसगिक हो गया है।" मोइली ने कहा, "अगर वे (कुछ नेता) इसपर (जी–23 के साथ) कायम रहते हैं तो इसका मतलब है कि उनमें से कुछ का कांग्रेस पार्टी के खिलाफ काम करने का निहित स्वार्थ है, जोकि हम नहीं सोचते और असल में इसका विरोध करते हैं।" उन्होंने कहा कि कोई भी अगर जी–23 का फिर से इस्तेमाल करता है तो वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और उसकी विरासत का बहुत बड़ा नुकसान कर रहा है। साथ ही कहा कि ऐसे कार्य कांग्रेस के दुश्मनों की मदद करेंगे। मोइली की इन टिप्पणियों का महत्व इसलिए है क्योंकि जी–23 के कई नेताओं ने या तो इससे दूरी बना ली है या पिछले साल उनके द्वारा लिखे गए पत्र के बाद चुप हो गए हैं। सोनिया गांधी को पत्र लिखने वाले 23 नेताओं के उस समूह में से जितिन प्रसाद भाजपा में शामिल हो गए हैं।

## आतंकवाद-रोधी क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में पीएम मोदी जल्द शुरू कर सकते हैं नेटग्रिड

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड (नेटग्रिड) को जल्द ही शुरू करने की उम्मीद है। इसका लक्ष्य भारत की आतंकवाद–रोधी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्रदान करना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस का अंतिम तादात्म्य और परीक्षण किया जा रहा है ताकि इसे शुरू किया जा सके। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को किए गए आतंकवादी हमले के बाद इसका विचार आया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल में संकेत दिया था कि नेटग्रिड को जल्द ही शुरू किया जा सकता है। इसकी अवधारणा यह है कि आंतकवादियों को लेकर सूचनाओं का निर्बाध और सुरक्षित डेटाबेस हो।

शाह ने पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) के चार सितंबर को 51वेंस्थापना दिवस कार्यक्रम में कहा था, " अगर कोरोना (कोविड–19) नहीं आया होता तो प्रधानमंत्री नेटग्रिड को देश को समर्पित कर चुके होते। मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री जल्दी ही नेटग्रिड को देश को समर्पित करेंगे।" नेटग्रिड की अवधारणा एक ऐसे तंत्र के रूप में की गई है जो डेटा की मदद से संदिग्धों का पता लगाए और आतंकवादी हमलों को रोके तथा उसकी आव्रजन, बैंकिंग, व्यक्तिगत आयकर, हवाई व ट्रेन यात्रा जैसी गुप्त सूचना तक पहुंच हो।



मुंबई में 2008 में हुए 26/11 के हमलों के दौरान आतंकवादियों ने शहर की घेराबंदी की, जिसने इस खामी को उजागर किया कि सुरक्षा एजेंसियों के पास अहम सूचनाओं को देखने के लिए कोई तंत्र ही नहीं है। प्रथम चरण की योजना के तहत 10 उपयोगकर्ता एजेंसियों और 21 सेवा प्रदाताओं को नेटग्रिड से जोड़ा जाएगा जबकि बाद के चरणों में करीब 950 संगठनों को इससे जोड़ा जाएगा। बाद के वर्षों में एक हजार से ज्यादा संगठनों को नेटग्रिड से जोड़ा जाएगा। इन डेटा स्रोतों में आव्रजन प्रवेश व निकास संबंधी जानकारी, बैंक संबंधी व आर्थिक लेन–देन तथा फोन का रिकॉर्ड शामिल होगा।

देश की प्रतिष्ठित संघीय एजेंसियों की नेटग्रिड डेटाबेस तक पहुंच होगी। इनमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, राजस्व खुफिया निदेशालय, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर (आयकर विभाग के लिए), कैबिनेट सचिवालय, खुफिया ब्यूरो, जीएसटी खुफिया महानिदेशालय, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, वित्तीय खुफिया इकाई और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण शामिल हैं। अमेरिका के संदिग्ध आतंकवादी डेविड हेडली की वर्ष 2006 से 2009 के बीच भारत की कई यात्राओं के दौरान देश में उसकी आवाजाही का पता लगाने में खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों को त्वरित सूचना की कमी को एक प्रमुख कारण माना जाता है।

हेडली ने मुंबई हमलों को अंजाम देने वाले पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह लश्कर–ए–तैयबा को लक्ष्यों की अहम सूचनाएं और वीडियो मुहैया कराए थे, जिसमें विदेशियों समेत 166 लोग मारे गए थे। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 3,400 करोड़ रुपये की नेटग्रिड परियोजना को 2010 में मंजूरी दे दी थी, लेकिन 2012 के बाद इसका काम धीमा हो गया। वर्ष 2014 में सत्ता में आए मोदी ने नेटग्रिड को पुनर्जीवित करने के लिए निर्देश दिए।

## कांग्रेस ने तेलंगाना इकाई के लिए राजनीतिक मामलों की समिति का किया गठन, मनिकम टैगोर संभालेंगे कमान

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी की तेलंगाना इकाई के लिये राजनीतिक मामलों की समिति का गठन किया है और मनिकम टैगोर को उसका अध्यक्ष नियुक्त किया है। टैगोर राज्य के कांग्रेस प्रभारी भी हैं। मोहम्मद शब्बीर अली समिति के संयोजक होंगे। समिति के अन्य सदस्यों में तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी, वरिष्ठ नेता मल्लू बी. विक्रमार्क, वी हनुमंत राव, पी लक्ष्मैया, के जना रेड्डी और एन उत्तम कुमार रेड्डी शामिल हैं। इसके अलावा टी जीवन रेड्डी, रेणुका चौधरी, पी बलराम नाइक, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, डी श्रीधर बाबू, पोड्डेम वीरैया, अनसूया (सीथक्का) और कोमाटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी भी समिति के सदस्य होंगे। इसके अलावा, सभी राज्य इकाई कांग्रेस अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुमोदित समितियों के सभी अध्यक्षों, तेलंगाना के सभी एआईसीसी सचिवों और तेलंगाना के सभी एआईसीसी प्रभारी सचिवों को भी राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों के तौर पर शामिल किया गया है।




## अरविंद केजरीवाल तीसरी बार बने आप के राष्ट्रीय संयोजक, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हुआ ऐलान

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी (आप) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की रविवार को हुई बैठक में लगातार तीसरी बार पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक निर्वाचित हुए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में बताया गया कि पार्टी नेताओं– पंकज गुप्ता और एन डी गुप्ता को क्रमशरू सचिव और पार्टी कोषाध्यक्ष चुना गया है। इन पदाधिकारियों का निर्वाचन पांच साल के लिए हुआ है। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने शनिवार को केजरीवाल समेत 34 सदस्यीय नयी कार्यकारिणी का चुनाव किया। बयान में कहा गया कि रविवार को डिजिटल तरीके से हुई पार्टी की नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पहली बैठक में एक राष्ट्रीय संयोजक, राष्ट्रीय सचिव और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा गया। बयान में बताया गया, '' कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद केजरीवाल को राष्ट्रीय संयोजक चुनने पर सहमति जताई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ नेता पंकज गुप्ता को राष्ट्रीय सचिव और एन डी गुप्ता को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चुना।'' कार्यकारिणी के सदस्यों में वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, इमरान हुसैन, राजेंद्र पाल गौतम, राघव चड्ढा, आतिशी, राखी बिड़ला समेत अन्य शामिल हैं। बयान में बताया गया कि कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से राष्ट्रीय संयोजक के पद के लिए केजरीवाल के नाम पर सहमति जताई। बयान में कहा गया, ''केजरीवाल पार्टी और उसकी विचारधारा के लिए बेहद अभूतपूर्व समय में भी खड़े रहे और लगातार तीसरी बार इस पद के लिए उनको चुनना बुद्धिमानी भरा फैसला होगा।'' बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अगली बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों और देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा होगी।



## एक और उपलब्धि हुई दर्ज ! टीकाकरण के मामले में हिन्दुस्तान के 5 राज्यों ने दुनिया के 5 बड़े ताकतवर देशों को पछाड़ा

नयी दिल्ली। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच में देश में अब तक कोविड–19 रोधी टीकों की 73.73 करोड़ से अधिक खुराक दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शनिवार शाम सात बजे तक कुल 64,49,552 खुराक दी गई। देर रात तक अंतिम रिपोर्ट आने के बाद टीकाकरण की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने बताया कि कोविड–19 से जोखिम वाली आबादी के बचाव के लिए टीकाकरण महत्वपूर्ण जरिया है। उच्च स्तर पर टीकाकरण अभियान की लगातार समीक्षा की जाती है।



उत्तर प्रदेश बनाम अमेरिकाः उत्तर प्रदेश में रोज 11.73 लाख से अधिक खुराक दी जा रही है। यह अमेरिका में रोजाना लग रही खुराक से काफी ज्यादा है। दरअसल, अमेरिका में रोजाना 8.07 लाख टीकों की खुराक लगाई जा रही है।

गुजरात बनाम मैक्सिकोः गुजरात में रोजाना 4.80 लाख टीकों की खुराक लगाई जा रही है। यह मैक्सिको में लगने वाली रोजाना 4.56 लाख खुराक से कहीं अधिक है। कर्नाटक बनाम रूसः कर्नाटक में रोजाना 3.82 लाख खुराक लग रही है। जबकि रूस में 3.68 खुराक ही लगाई जा रही है।

मध्य प्रदेश बनाम फ्रांसः मध्य प्रदेश में टीकों की 3.71 लाख खुराक रोज दी जा रही है, जबकि फ्रांस में यह संख्या 2.84 लाख ही है। हरियाणा बनाम कनाडाः हरियाणा में रोजाना 1.52 लाख खुराक लगाई जा रही है। जबकि कनाडा में टीकाकरण की रोजाना संख्या काफी कम है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वहां पर एक दिन में महज 85 हजार खुराक ही लग रही है।

## जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पुलिस पार्टी पर हुआ आतंकवादी हमला, पुलिसकर्मी जख्मी

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर के खानयार इलाके में रविवार को एक आतंकवादी हमले में एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों में से एक ने बताया, '' करीब एक बजकर 35 मिनट के आसपास आतंकवादियों ने खानयार में एक पुलिस नाका पार्टी पर गोलीबारी की, जिसमें खानयार पुलिस थाने के परिवीक्षाधीन (प्रोबेशनरी) उप निरीक्षक अर्शद अहमद घायल हो गए।'' अधिकारियों ने बताया कि घायल अधिकारी को इलाज के लिए एसएमएचएस अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाश जारी है।







## यूपी में असली बनाम फर्जी राष्ट्रवाद का मुद्दा, संजय सिंह बोले– कांग्रेस से ज्यादा मजबूत है आम आदमी पार्टी

लखनऊ। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी "असली बनाम फर्जी राष्ट्रवाद" के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश का आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। राज्यसभा सदस्य एवं आप के उत्तर प्रदेश प्रभारी सिंह ने रविवार को से बातचीत में दावा किया कि उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी कांग्रेस के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। सिंह ने कहा, विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का मुख्य मुद्दा भाजपा का राष्ट्रवाद बनाम आम आदमी पार्टी का राष्ट्रवाद होगा। भाजपा का राष्ट्रवाद फर्जी है। वहीं, आम आदमी पार्टी का राष्ट्रवाद असली है। आप नेता ने कहा कि भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति की काट इसी नीति के जरिए की जा सकती है। वर्ष 2011 में लोगों ने महात्मा गांधी के रास्ते पर चलकर अन्ना हजारे की अगुवाई में भ्रष्टाचार के खिलाफ अहिंसक आंदोलन किया था। मगर 2014 के बाद से हालात पर सांप्रदायिकता हावी हो गई। उन्होंने कहा, ''लोगों के मन में हम यह भावना उत्पन्न करेंगे कि वे खुद से यह सवाल पूछें कि नफरत की राजनीति से उन्हें क्या मिला। क्या पेट्रोल सस्ता हुआ, महंगाई कम हुई, सबको रोजगार मिल गया और क्या काला धन वापस आ गया। सिंह ने उत्तर प्रदेश में सभी 403 सीटों पर अपने बलबूते चुनाव लड़ने के औचित्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम दिल्ली मॉडल को लेकर चुनाव लड़ेंगे। तब हमारे पास सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहता। इस सवाल पर कि क्या आम आदमी पार्टी का संगठन उत्तर प्रदेश में इतना मजबूत है कि सभी सीटों पर चुनाव लड़ सके, सिंह ने दावा किया कि प्रदेश में आम आदमी पार्टी कांग्रेस के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। सिंह ने कहा कि हाल के पंचायत चुनाव में जहां कांग्रेस के मात्र 40 जिला पंचायत सदस्य जीते, वहीं आम आदमी पार्टी के 83 उम्मीदवारों ने विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब 150 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रभारी नियुक्त किया जा चुके हैं तथा बाकी सीटों पर भी जल्द ही प्रभारी तय कर दिए जाएंगे। आप नेता ने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है जो समय से पहले पूरा होने की संभावना है। सिंह ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर नाकाम करार देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी उसे जमीनी स्तर पर बेनकाब कर रही है।



# थाना समाधान दिवस का जायजा लेने कोतवाली नानपारा पहुॅचे डीएम

बहराइच । बाँसगांव संदेश। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने कोतवाली नानपारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। कोतवाली नानपारा में आयोजित समाधान दिवस में 06 प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुए थे जिसमें से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में मौजूद लेखपालों के बस्तों का अवलोकन करते हुए बस्तों में उपलब्ध अभिलेखों तथा खसरा रजिस्टर का जायजा लेते हुए संतोष व्यक्त किया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर सभी आवश्यक अभिलेख साथ में लायें ताकि मौके पर ही अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया जा सके। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में मौके पर जाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने लेखपालों को सचेत किया कि यदि भविष्य में पाया जाता है कि कोई लेखपाल बिना बस्ते के समाधान दिवस में आया है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्विवाद उत्तराधिकार अभियान अन्तर्गत दर्ज ऑनलाइन वरासत की भी लेखपालवार समीक्षा की गयी। समीक्षा में लेखपाल बलराम यादव द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा ग्राम लक्ष्मनपुर मटेही में 41, अमवाहुसैनपुर में 40 व गुरघुट्टा में 82 कुल 163, बृज बहादुर जायसवाल द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा नानपारा देहाती में 193, भटेहटा में 65 व मेहरबाननगर में 35 कुल 293 तथा विनय प्रसाद द्वारा बताया गया कि ग्राम ताजपुर में 45, इमलिया गंगापुर में 25 व सिसवारा में 22 कुल 97 ऑनलाइन वरासत दर्ज की गयी हैं। इसके अलावा अन्य लेखपालों द्वारा भी निर्विवाद उत्तराधिकार अभियान अन्तर्गत दर्ज ऑनलाइन वरासत का विवरण प्रस्तुत किया गया। सर्वाधिक ऑनलाइन वरासत दर्ज करने पर जिलाधिकारी ने लेखपाल बलराम यादव च बृज बहादुर जायसवाल को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में मौजूद लेखपालों को निर्देश दिया कि अपने–अपने हल्के के किसानों को फसल अवशेष प्रबन्धन के लिए जागरूक करें। उन्होंने इस बात की जानकारी दी जाये फसल अवशेष का बेहतर एवं वैज्ञानिक ढंग से प्रबन्धन किये जाने हेतु कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर डिकम्पोजीटर, मल्चर, हैपीसीडर एवं रोलर इत्यादि यन्त्र प्राप्त किये जा सकते हैं। किसानों को इस बात की भी जानकारी दी जाय कि फसल अवशेष को जलाना संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है इसलिए पराली इत्यादि का बेहतर प्रबन्धन कर किसान इससे भूमि की उर्वरा शक्ति में इजाफा कर सकते हैं। फसल अवशेष प्रबन्धन के सम्बन्ध में उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही द्वारा भी लेखपालों को उपयोगी जानकारी प्रदान की गयी। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने तहसील नानपारा पहुॅचकर राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर निस्तारित किये जाने वाले वादों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा राम आसरे वर्मा, अध्यक्ष, न.पा. परि. नानपारा व ई.ओ., कोतवाल संजय कुमार सिंह मौजूद रहे।

# भाजपा के कुशासन की बातें जनता को बताएं सपा कार्यकर्ता: गंगा यादव

## पदाधिकारी सेक्टर बैठक में अनिवार्य रूप से हों शामिल

अयोध्या। समाजवादी पार्टी पाँचों विधान सभाओं के सेक्टरों की बैठकें प्रत्येक माह के दूसरे किया करेगी। इस माह की मीटिंग तीसरे 18 सितम्बर को होगी। समाजवादी पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने बूथ प्रबन्धन के लिए सेक्टर को प्रमुख इकाई माना है और निर्देशित किया है कि सेक्टर में निवास करने वाले सभी स्तर के पदाधिकारी सेक्टर बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल हों। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सितम्बर माह की मीटिंग में तय किया गया कि सभी विधान सभाओं की मीटिंग आगामी तीन दिन के अन्दर करके तैयारी के साथ सभी सेक्टर इंचार्जों को मीटिंग करने को कहा जाय। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सपा जिला अध्यक्ष गंगासिंह यादव ने कहा कि जनता समाजवादी पार्टी को चुनाव में जिताना चाहती है। जरूरत सिर्फ इस बात की है कि हम जनता के पास जाकर भाजपा के कुशासन की बातें जनता को बता सकें। जिला अध्यक्ष ने कहा कि बूथ कमेटियों की समीक्षा की जायेगी, बूथ की जाति जनगणना का विवरण तैयार किया जाएगा। सेक्टर प्रभारी के साथ जिला इकाई विधान सभा इकाई के किसी पदाधिकारी को सहयोगी पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किये जायेंगे। पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रूश्दी मियॉ ने कहा कि भाजपा सरकार ने आम जनता को धोखा दिया है।

इस सरकार से सभी वर्ग परेशान हैं चाहे वह किसान, नौजवान, छात्र, व्यापारी सभी सरकार बदलना चाहते हैं। क्योंकि जानते हैं कि उ0प्र0 का विकास सिर्फ अखिलेश यादव ही कर सकते हैं। पूर्व विधायक आनन्दसेन यादव ने कहा कि जनता भाजपा सरकार से पूरी तरीके से ऊब चुकी है आने वाले 2022 के चुनाव में प्रदेश की जनता अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री के रूप में देखता चाहती है। श्री यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर सपा सरकार की उपलब्धियों को बताना है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सपा जिला महासचिव बख्तियार खान ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। लेकिन आज किसान सबसे ज्यादा दुःखी है। किसानों को अपने फसल का उचित दाम भी नहीं मिल रहा है।

सपा जिला प्रवक्ता बलराम यादव ने बताया कि आज की बैठक में सपा कार्यकर्ताओं ने 2022 में सपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इसी के साथ हरिंग्टनगंज ब्लाक प्रमुख अंकुर सेन यादव व मुलायम यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष मो0 सुहेल का संयुक्त रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। श्री यादव ने बताया कि मुलायम यूथ ब्रिगेड के जिला सचिव पद पर वीरेन्द्र यादव की नियुक्ति की गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महासचिव बख्तियार खान, जिला उपाध्यक्ष बाबूराम गौड़, एजाज अहमद, ईश्वर लाल वर्मा, जगन्नाथ पाल, वरिष्ठ नेता छेदी सिंह, मो0 हलीम पप्पू, चौ0 बलराम यादव, दान बहादुर सिंह, राम अचल यादव, रोली यादव, छोटेलाल यादव, के0के0 पटेल, शिवबरन यादव पप्पू राशिद जमील, दूधनाथ यादव, रामानन्द यादव, अतुल यादव, त्रिभुवन प्रजापति, मो0 शोएब खान, जय प्रकाश यादव, वसी हैदर गुड्डू, अंसार अहमद बब्बन, नन्हकन यादव, मोइज अहमद, आजाद सिंह, दीदार अब्बास, राम सिंह, विजय यादव, अजय विश्वकर्मा, पावन यादव, देशराज यादव, अजीत पटेल, गया प्रसाद यादव, तरजीत गौड़, संतराम यादव, आकिब खान, अजय कुमार वर्मा, विंध्याचल सिंह, रेहान खान, सुभाष रावत, सुभाष यादव, घनश्याम यादव, जगन्नाथ यादव, संदीप यादव आदि मौजूद रहे।

### आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अन्तर्गत "फिट इण्डिया फ्रीडम रन" कार्यक्रम का किया गया आयोजन

गोण्डा। सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पी0जी0 कालेज गोण्डा में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भारत सरकार के आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अन्तर्गत "फिट इण्डिया फ्रीडम रन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रांगण में एन0एस0एस0 की कार्यक्रम अधिकारी डा0 स्मृति शिशिर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती किरन पाण्डेय की देख रेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं को विभिन्न प्रकार के व्यायामों एवं खेल कूदों के बारे में जानकारी दी गयी जिससे की छात्रायें स्वस्थ एवं फिट रहें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 14486 वादों को किया गया निस्तारित

## लोक अदालत की मूल भावना में समाहित है लोक कल्याण: ज्ञान प्रकाश तिवारी

अयोध्या। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश तिवारी द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण प दीप प्रज्जवलन से किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत की मूल भावना में समाहित है लोक कल्याण की भावना। सुलह समझौता के दौरान सभी का मान, सभी का सम्मान, सभी को न्याय मिले इसका ध्यान रखा जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आपसी सुलह–समझौते के माध्यम से वादों को निस्तारित कराया जाता है। इतिहास में दर्ज है कि सदियों पहले जब अदालतें नहीं हुआ करती थी तब दो पक्षों के आपसी मतभेद को सुलह–समझौता के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्ति एक निर्धारित स्थल पर बैठकर दोनों पक्षों की बात सुनकर यह निर्णय करते थे कि दोनों पक्षों का हित किसमें हैं। इसी को देखते हुए सुलह–समझौता कराते थे और समाज में इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई पड़तें थे। दोनों पक्षों के मध्य आपसी क्लेश, मतभेद एवं दुर्भावना समाप्त हो जाती थी। लोक कल्याण के भावना से ओत–प्रोत उसी स्वरूप को उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा विस्तार रूप देते हुए एक स्थल एक मंच पर बहुत सारे वादों को सुलह–समझौता के आधार पर समाप्त कराने के उद्देश्य से लोक अदालत आयोजित कराने का निर्देश दिये जाते हैं, जिसमें दोनों पक्षों के हित के साथ सामाजिक प्रेम भावना भी समाहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि समाज एवं राष्ट्र के हित में हैं कि लोग मिल–जुल कर प्रेम भावना से रहे। यदि आपसी मतभेद पनपते भी है, तो उसे शांत एव सदभाव के साथ समाप्त करने का प्रथम प्रयास दोनों पक्षों द्वारा किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रिचा वर्मा ने बताया की धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. ऐक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल, (अशमनीय छोड़ कर) अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एंव अन्य व्यवहार वाद, आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई.ऐक्ट),बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाऐं, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल, (अशमनीय छोड़ कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबंन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय में लम्बित हों, अन्य सिविल वाद आदि वाद निस्तारित किये गये। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, शैलेन्द्र सिंह यादव के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 14486 वादों को निस्तारित किया गया। भूदेव गौतम न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा कुल 85 केस निस्तारण हेतु नियत थे, जिसमें से कुल 83 वाद निस्तारित किये गये, जिसपर कुल 32300158.00 रू0 की धनराशि क्षतितपूर्ति निर्धारित की गयी। बैंक रिकवरी से संबंन्धित 862 प्री–लिटिगेशन वाद निस्तारित किये गये तथा बैंक संबंन्धित ऋण मु0– 47765569.00 रू0 वसूल किये गये। पारिवारिक न्यायालय द्वारा 84 मुकदमों को निस्तारित किया गया, जिसमें कई पुराने वाद निस्तारित किये गये। संबंधित मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा 2521 फौजदारी वादों को निस्तारित किया गया, जिसके एवज में मु0 379844.00 रू0 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। सिविल न्यायालय द्वारा कुल 106 मामलों का निस्तारण किया गया। राजस्व मामलों से संबन्धित 10424 वाद विभिन्न राजस्व न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये।

### शिक्षा विभाग की गलत नीति के चलते ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़

करनैलगंज(गोंडा)। शिक्षा विभाग की गलत नीति के चलते ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ साबित हो रहा है। मुख्य मार्ग एवं शहरी क्षेत्र के किनारे वाले परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक शिक्षिकाओं की संख्या में कोई कमी नहीं है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के उन गांव में चल रहे विद्यालयों की स्थिति बेहद खराब है जहां वाहनों का कोई साधन नहीं है और दूरदराज के क्षेत्र में विद्यालय स्थापित है। कोरोना महामारी के चलते दो वर्षों से बन्द रहे प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में अब नौनिहालों में पढ़ने की ललक जगी है तो शिक्षकों की कमी उनकी पढ़ाई में रोड़ा डाल रही है। जूनियर स्तर के विद्यालयों में स्थिति और भी बदतर है। 30 छात्रों पर एक शिक्षक का दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। यहां 200 से अधिक छात्र–छात्राओं पर मात्र एक शिक्षक दिखाई दे रहे हैं।

## कुंवे में गिरे सांड का किया गया रेस्क्यू

करनैलगंज(गोंडा)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोनई गोसाई पुरवा में शाम को एक सांड गांव में स्थित एक कुएं में गिर गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय कोतवाली में दिया। सूचना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने तत्काल उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार अग्निहोत्री आरक्षी विकास प्रजापति, राजेश शर्मा, सूर्य प्रताप को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया। जिसमें करीब 3 घंटे के कड़े मशक्कत के बाद सांड को सकुशल कुएं से बाहर निकाल लिया गया।

# हिन्दु यवा वाहिनी की हुई मण्डलीय समीक्षा बैठक

## सबका साथ सबका विकास की नीति पर काम कर रही सरकार: प्रमोद मल्ल

अयोध्या। हिन्दु युवा वाहिनी की मण्डलीय संगठन समीक्षा बैठक प्रेस क्लब में आयोजित हुई। बैठक में अयोध्या, बाराबंकी व अम्बेडकरनगर के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री प्रमोद कुमार मल्ल ने कहा कि जिन उद्देश्यों को लेकर 2002 में हिन्दु युवा वाहिनी संगठन का निर्माण किया गया था। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उससे कहीं ज्यादा जनता को समर्पित कर रहे है। 2002 से 2017 तक हिन्दु युवा वाहिनी ने काफी संघर्ष किया। जिसके उपरान्त आज सबका साथ सबका विकास की नीति पर सरकार काम कर रही है।

उन्होने कहा कि राष्ट्रहित में चलने वाले इस अभियान का हिस्सा युवा बने। अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को सार्थक करने में अपना सकारात्मक योगदान दें। हमें कुपोषण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़नी है। इसमें समाज के हर व्यक्ति का सहयोग भी अपेक्षित है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी हमें अपनी भूमिका का निर्धारण करना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष राजदेव सिंह ने कहा कि संगठन को गतिशील करने के लिए जिला स्तर के पदाधिकारी एक एक ब्लाक को गोद लें। यहां न्याय पंचायत स्तर पर 15 से 20 कार्यकर्ताओं की एक सक्रिय टीम तैयार करें। जिला कार्यकर्ता व ब्लाक कार्यकर्ता सम्मेलन की तिथियां निर्धारित कर दे। इन सम्मेलन में प्रदेश स्तर के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। मण्डल प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि अयोध्या व बाराबंकी में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन 25 सितम्बर को तथा अम्बेडकर नगर में 27 सितम्बर को आयोजित होगा। इसके साथ में अक्टूबर में सभी ब्लाकों में सम्मेलन होना है। जिसकी तैयारी में पदाधिकारी अभी से जुट जाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता अयोध्या जिलाध्यक्ष राकेश सिंह व संचालन जिला प्रभारी पवन मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अयोध्या जिला संयोजक संजय सिंह, जिला महामंत्री ललित सिंह, संतोष सिंह, देव रावत, महानगर अध्यक्ष शम्भूनाथ जायसवाल, भास्कर सिंह, अमित कन्नौजिया, कुलभूषण द्विवेदी, राजन सिंह, अनुपम, वीरेन्द्र यादव, अभय मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, दुर्गेश गुप्ता, अनुपम द्विवेदी सहित अम्बेडकर नगर व बाराबंकी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चौकी इंचार्ज पर हमला करने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल

गोंडा। में एक हिस्ट्रीशीटर को पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसको सीएचसी मनकापुर लाया गया। इस दौरान चौकी इंचार्ज भी घायल हो गए, जिनको चोट आई है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधियों के धरपकड़ के अभियान में एक हिस्ट्री शीटर से पुलिस की मुठभेड़ हुई जिसमें हिस्ट्रीशीटर रामसजीवन उर्फ थानेदार के पैर में गोली लगी है चौकी इंचार्ज को भी चोट लगी है दोनों सीएचसी में है दोनों की हालत सामान्य है,घटना मनकापुर कोतवाली अंतर्गत जिगना पुलिस चौकी छेत्र का है। बताया गया कि मनकापुर के निरीक्षक और चौकी इंचार्ज गस्त पर थे तभी बदमाशो ने चौकी इंचार्ज पर हमला कर दिया ।जिससे चौकी इंचार्ज घायल हो गए,सूचना होंने पर बदमाशों की घेरा बंदी की गई तो बदमाशो ने फायर करना शुरू कर दिया जवाबी हमले में थाने का हिस्ट्री शीटर राम सजीवन उर्फ थाने दार को पैर में गोली लगने से घायल हो गया ,बदमाश और चौकी इंचार्ज को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## डीएम व एसपी ने देखी थाना समाधान दिवस की हकीकत

गोण्डा। शासन के निर्देशानुसार जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने समाधान दिवस की हकीकत देखने के लिए थाना परसपुर एवं कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण किया तथा फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण किया। थाना समाधान दिवस में डीएम ने फरियादियों की शिकायतें रजिस्टर में दर्ज न करने तथा समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए थाना प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा चेतावनी दी कि थाने में आने वाले हर फरियादी के प्रार्थनापत्रों को दर्ज किया जाय तथा उच्च स्तर पर प्राप्त प्रार्थनापत्रों के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण न कराया जाना अत्यन्त आपत्तिजनक है और इसे गम्भीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि फरियादियों की शिकायतों का सरसरी तौर निस्तारण किया जाएगा तो शिकायतें कभी समाप्त नहीं होंगी, इसमें लापरवाही मिलने पर सम्बन्धित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी–कर्मचारी को निश्चित ही दण्डित किया जाएगा।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सिपाहियों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के सिखाये गुर

करनैलगंज(गोंडा)। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सिपाहियों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाये। तथा बालिकाओं को जागरूक करते हुए सुरक्षा के तौर तरीकों को बताया। मिशन शक्ति अभियान के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम ने नगर के उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय रेलवे स्टेशन के स्कूली छात्राओं को जागरूक किया। महिला आरक्षी ज्योति कटियार व सुमन ने बालिकाओं को शारीरिक सुरक्षा, आत्मरक्षा के उपाय बताए व छेड़छाड़ की घटना से बचने एवं सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर वूमन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, यूपी आपातकालीन 112, एंबुलेंस सेवा 108 इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

### भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा व किसान मोर्चा के पदाधिकारियों की सूची जारी

अयोध्या। भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने महिला मोर्चा, युवा मोर्चा व किसान मोर्चा के महानगर के पदाधिकारियों की सूची जारी की है। महिला मोर्चा में अध्यक्ष आशा गौड़, उपाध्यक्ष पुष्पा मिश्रा, सावित्री गुप्ता, सुमन निषाद, कुमकुम दुबे, महामंत्री नीलम जायसवाल, प्रतिमा शुक्ला मंत्री स्वाति सिंह, सोनी शर्मा, सीमा श्रीवास्तव, अंजला सिंह, किरन पाल, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी पाण्डेय, सोशल मीडिया प्रभारी मंजू मिश्रा, कार्यालय प्रभारी नीता शर्मा, सदस्य जया पाण्डेय, माधुरी सेन, विनीता पाण्डेय शकुंतला गौतम, मधु निषाद, उर्मिला तिवारी, राजेश्वरी तिवारी, माधुरी तिवारी, रेखा शर्मा, इंद्रा शर्मा, किस्मता, कुंजलता, सीता सिंह, दया मिश्रा, बिंदु श्रीवास्तव, माया देवी शामिल है। युवा मोर्चा में अध्यक्ष रवि शर्मा उपाध्यक्ष अमन तिवारी, अंकित त्रिपाठी, अंकित सोनकर, नितिन पांडेय, अश्वनी गुप्ता, गौरव सिंह महामंत्री आकाश सिंह, सार्थक प्रताप तिवारी, मंत्री गणेश मिश्रा, शोमिल गुप्ता, अविनाश सिंह, अमित सिंह पटेल, ज्वाला सोनी, तुषार तिवारी, कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता, कार्यालय प्रभारी आयुष पाण्डेय, सोशल मीडिया प्रभारी श्रेया सिंह, मीडिया प्रभारी आशीष श्रीवास्तव, अभिषेक दास, शुभेन्द्र सिंह, अतुल मिश्रा, सुधा सिंह, विकांशु मौर्या, अमन गुप्ता, प्रदीप पाण्डेय, सूरज शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, विमल प्रताप सिंह, अंकुर पाठक जयप्रकाश प्रजापति शामिल है। किसान मोर्चा में अध्यक्ष विशाल सिंह बाबा, उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय, वरुण चौधरी, कृष्ण कुमार मांझी, अतुल सिंह, प्रवेश यादव, उमेश्वर प्रताप सिंह, महामंत्री योगेश मिश्रा, कपिल देव वर्मा, मंत्री अमित सिंह, वृजेश वर्मा, अजीत सिंह, अंगद मौर्या, रमेश पाण्डेय, अरविंद वर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता कार्यालय प्रभारी पंडित धर्मेंद्र शर्मा जिला मीडिया प्रभारी भैरव सिंह सोशल मीडिया प्रभारी यश पाठक, सदस्य रामचरित्र वर्मा, विजय बहादुर सिंह, रंजीत सिंह, रामकरन वर्मा, राम बली वर्मा, भूपेंद्र पाण्डेय, सिपाही लाल शर्मा, राजकुमार वर्मा, सतेंद्र सिंह, विपिन सिंह, मोनू, राहुल पाठक, रवि चौधरी शामिल रहे।

## गणेश चतुर्थी पर जन्मे नवजात शिशुओं को दिया वस्त्र

अयोध्या। श्री गृहस्थ गणेश पूजा समिति रिकाबगंज अयोध्या के पदाधिकारियों ने गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिला महिला चिकित्सालय में समिति अध्यक्ष राम गोपाल जयसवाल के आयोजन में गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर जन्मे नवजात शिशुओं को वस्त्र तेल पाउडर आदि वितरित किया । केंद्रीय समिति के प्रवक्ता डॉक्टर शैलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि इस पुनीत अवसर पर जिला अस्पताल के सीएमएस आर पी वर्मा, केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, सुप्रीत कपूर, श्री गृहस्थ गणेश पूजा समिति के उपाध्यक्ष पंकज अरोड़ा, कीर्ति अरोड़ा, महासचिव अमन जयसवाल, महामंत्री अर्पित, सदस्य अवधेश गौड़, नीलम श्रीवास्तव, विमला वर्मा एवं समिति के गणमान्य सदस्य रोमी कपूर, महेश सोनी, अजय गारमेंट्स एवं अरविंद मोदनवाल ने 51 बच्चों को वस्त्र वितरित किए।

## बेटियों के भविष्य को संवारने में सुकन्या समृद्धि खाते का अहम योगदान

अयोध्या। "समृद्ध सुकन्या समृद्ध समाज" अभियान के तहत प्रवर अधीक्षक डाकघर आर एन यादव के निर्देश पर गांव गांव दरवाजे दरवाजे सुकन्या के लिए जागरूक एवं खाता खोलने के उद्देश्य से हरिंगटनगंज ब्लाक के शाहगंज व टकसरा गांव में डाक निरीक्षक मनोज कुमार तथा मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण डाक सेवकों के साथ सम्पर्क करते हुए जी डी इण्टर कालेज में शिविर लगाया गया । "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के अन्तर्गत सुकन्या समृद्धि योजना" का शिविर में सैकड़ों खाता खोला गया । शिविर का शुभारंभ से पहले श्री सिंह दर्जनों कर्मियों के साथ घर घर जाकर ग्रामवासियों को सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने के लिए जागरूक किया इस दौरान मनोज कुमार ने कहा कि बेटियों के भविष्य को संवारने में सुकन्या समृद्धि खाते का अहम योगदान है इससे भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध से मुक्ति मिलेगी और आगे चलकर यही बेटियां देश के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी । जीडी इण्टर कालेज के प्रबंधक रोहित मिश्रा ने कहा कि भारत सरकार के अभियान 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' के अन्तर्गत हम सभी लोगों का दायित्व है कि बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए एक सार्थक कदम उठाएं। बेटियां ही 21वीं सदी में हमारे देश का भविष्य हैं। सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जन्म से 10 साल तक की बेटियों का मात्र 250 रुपये से सुकन्या खाता खुलवाया जा सकता है धीरे धीरे यही जमा पैसा लाखों में परिवर्तित होकर बेटी के शादी व पढ़ाई आदि के काम आता है । श्री सिंह ने यह भी कहा कि बेटियों के भविष्य को सँवारने के लिए कभी भी 9415140809 पर फोन करके मदद ले सकता है साथ ही श्री सिंह ने अपील भी किया कि समाज के सभी लोग बेटियों को आर्थिक मजबूत बनाने के लिए आस पास के अविभावक को सुकन्या समृद्धि खाता खोलने के लिए प्रेरित करें ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन,सभी को मिलेगा न्याय: जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार शर्मा

एम0पी0सिंह/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सिविल कोर्ट,सिद्धार्थनगर व वाह्य स्थित न्यायालय बांसी, डुमरियागंज एवं जिला कारागार, सिद्धार्थनगर तथा समस्त राजस्व, चकबन्दी न्यायालयों एवं बैंकों (भारतीय स्टेट बैंक सिद्धार्थनगर, बैंक आफ इण्डिया सिद्धार्थनगर, पूर्वाचल बैंक सिद्धार्थनगर, सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया सिद्धार्थनगर, इलाहाबाद बैंक सिद्धार्थनगर एवं पंजाब नेशनल बैंक सिद्धार्थनगर) द्वारा दिनांक 11–09–2021 को प्रातः 10:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा सभी न्यायिक अधिकारीगण तथा प्रशासनिक अधिकारीगण की उपस्थिति में दीप प्रज्वल्लित कर व सरस्वती जी की प्रतिमा का माल्यापर्ण कर किया गया। इस अवसर पर सुशीलकुमार शशि न्यायालय मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अधिकरण, श्री राज कुमार बंसल प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, श्री शकील उर रहमान अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय कक्ष संख्या 1, डा0 राकेश कुमार नैन अपर जिला एवं सत्रध्विशेष न्यायाधीश, एस0सी0ध्एस0टी0 एक्ट, अभय कृष्ण तिवारी विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट), प्रमोद कुमार सिंह–द्वितीय अपर जनपद न्यायाधीश कक्ष संख्या–3, हिमांशु दयाल श्रीवास्तव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ0टी0सी0) कोर्ट नं0–1, बृजेश कुमार–द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ0टी0सी0) कोर्ट नं0–2, श्री चन्द्रमणि पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,शैलेश कुमार मौर्या मुख्य न्यायिक मजिस्टेट, संदीप पारचा सिविल जज (सी0डि0), श्री सौरभ ओझा सिविल जज (जू0डि0), सुश्री मनीषा गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट, नवनीत कुमार सिंह अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0–02, आशुनैना मौर्या सिविल जज (जू0डि0)६एफ0टी0सी0 संख्या–01, श्वेता विश्वकर्मा सिविल जज (जू0डि0)६एफ0टी0सी0 संख्या–02, अखण्ड प्रताप सिंह अध्यक्ष सिविल बार,कृपाशंकर त्रिपाठी महामंत्री सिविल बार, वादकारीगण, बैंक व न्यायालय के कर्मचारीगण व अधिकारीगण उपस्थित रहे।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करते हुए 54538 मुकदमों का निस्तारण किया गया एवं मोटर दुर्घटना प्रतिकरध्वापसीजर के 51 वादों में पीड़ित पक्ष को रूपयें 2,25,94,110६–प्रतिकर दिलवाया गया। समस्त मामलों में अर्थदण्ड एवं सेटलमेन्ट ६ानराशि के रूप में कुल धनराशि 3,32,77,478६– रूपये वसूले गये।प्रमोद कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिद्धार्थनगर द्वारा प्रर्कीण फौजदारी के 04 वाद एवं अन्य सिविल के 16 वाद निस्तारित किये। श्री सुशील कुमार शशि, न्यायालय मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अभिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा मोटर दुर्घटना प्रतिकर व प्रर्कीण के 51 वाद को निस्तारित करते हुए पीड़ित पक्ष को कुल 2,25,94,110६– रूपया क्षतिपूर्ति के रूप में दिलवाये।राज कुमार बंसल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सिद्धार्थनगर द्वारा पारिवारिक मामलों के 41 वाद निस्तारित किये तथा समझौता राशि के रूप में धनराशि 23,75,000६– दिया गया।शकील उर रहमान खान, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या–1, सिद्धार्थनगर द्वारा अन्य सिविल के 02 वाद निस्तारित किये।डा0 राकेश कुमार नैन, अपर जिला एवं सत्रध्विशेष न्यायाधीश, एस0सी0ध्एस0टी0 एक्ट, सिद्धार्थनगर द्वारा अन्य के 5 वाद निस्तारित किये।अभय कृष्ण तिवारी, विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट), सिद्धार्थनगर द्वारा प्रकीर्ण फौजदारी के 07 वाद निस्तारित किये। सियाराम चौरसिया, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश बाह्य न्यायालय बांसी द्वारा अन्य 01 वादों का निस्तारण किये। प्रमोद कुमार सिंह– द्वितीय, अपर जनपद न्यायाधीश कक्ष संख्या–3, सिद्धार्थनगर द्वारा अन्य सिविल के 01 वाद निस्तारित किये। हिमांशु दयाल श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ0टी0सी0) कोर्ट नं0–1, सिद्धार्थनगर द्वारा विद्युत अधिनियम के 83 वाद निस्तारित किये। बृजेश कुमार–द्वितीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ0टी0सी0) कोर्ट नं0–2, सिद्धार्थनगर द्वारा अन्य के 01 वाद निस्तारित किये। शैलेश कुमार मौर्या, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिद्धार्थनगर द्वारा फौजदारी के 1464 वाद निस्तारित कर मुबलिग 14,52,780६– रूपये अर्थदण्ड के रूप में वसूले।संदीप पारचा, सिविल जज (सी0डि0), सिद्धार्थनगर द्वारा कुल अन्य सिविल के 05 वाद निस्तारित किये। श्री सुनील कुमार सिंह, सिविल जज (जू0डि0), बांसी, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 994 वादो का निस्तारण किया गया। सौरभ ओझा, सिविल जज (जू0डि0), नौगढ़, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 173 वादो का निस्तारण किया गया।मनीषा गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 909 वादो का निस्तारण किया गया। जावेद, सिविल जज (जू0डि0), कक्ष संख्या–दो, बांसी, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 1042 वादो का निस्तारण किया गया। नवनीत कुमार सिंह, अपर सिविल जज (जू0डि0), कक्ष संख्या–दो, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 749 वादो का निस्तारण किया गया। आशुनैना मौर्या सिविल जज (जू0डि0)६एफ0टी0सी0 संख्या–01, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 636 वादो का निस्तारण किया गया।सुश्री श्वेता विश्वकर्मा सिविल जज (जू0डि0)६ एफ0टी0सी0 संख्या–02, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 690 वादो का निस्तारण किया गया।अखिलेश पटेल, सिविल जज (जू0डि0), डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 422 वादो का निस्तारण किया गया। दीपेन्द्र कुमार सिंह, अपर सिविल जज (जू0डि0), कक्ष संख्या–एक, बांसी, सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 233 वादो का निस्तारण किया गया। अध्यक्ष उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 03 वादो का निस्तारण किया गया। आफताब आलम खान अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत सिद्धार्थनगर सिद्धार्थनगर द्वारा कुल 02 वादो का निस्तारण किया गया।समस्त राजस्व व समस्त चकबन्दी न्यायालयों द्वारा कुल 42437 वादो का निस्तारण किया गया। समस्त थानो द्वारा कुल 4229 वादो का निस्तारण किया गया। टेलीफोन विभाग द्वारा प्री–लिटिगेशन स्तर के कुल 24 वादो का निस्तारण किया गया।समस्त बैंको द्वारा प्री–लिटिगेशन स्तर के कुल 360 वादो का निस्तारण किया गया।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा प्री–लिटिगेशन स्तर के कुल 01वाद का निस्तारण किया गया।उक्त आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी चन्द्रमणि, पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा दी गई।



दीप प्रज्वलन के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश व समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण

# सड़क निर्माण के लिए पीएम और सीएम से किया माँग: रामेश्वर पाण्डेय

अनंत मिश्रा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

उस्काबाजार/सिद्धार्थनगर। स्थानीय नगर स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन से ब्लॉक मुख्यालय, रेलवे स्टेशन तथा मछलीमण्डी होते हुए रानीगंज रेलवे क्रासिंग तक जाने वाली सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में जिम्मेदारों की उदासीनता देख अब आम जनमानस ने स्वयं शासन प्रशासन से आवाज मुखर करना शुरू कर दिया है।लम्बे समय से उक्त मार्ग की जर्जरता झेल रहे नगर सहित क्षेत्र के लोगों को अपने जनप्रतिनिधियो से जब उम्मीद धराशायी होती दिखी तो सीधे देश के प्रधानमंत्री और सूबे के मुख्ययमंत्री तक क्षेत्र का दर्द और दुश्वारी शासन के संज्ञान में लाते हुए इसके पुनर्निर्माण कराये की आवश्यकता पर ध्यान आकृष्ट कराना शुरू हुआ।इस बावत सक्रिय युवा और बीजेपी के कार्यकर्त्ता रामेश्वर पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्ययमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र लिखकर उसका बाजार स्थित पीडब्ल्यूडी डाकबंग्ला से ब्लॉक मुख्यालय,रेलवे स्टेशन,तथा मछलीमण्डी से होते हुए रेलवे क्रासिंग तक जाने वाली उक्त सड़क को बनवाये



जाने की माँग किया है।श्री पाण्डेय ने पत्र में उल्लेख करते हुए कहा है कि उसका कस्बा जनपद का प्रमुख व्यापरिक केन्द्र होने के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में क्षेत्रीयजनो व व्यापारियों का आवागमन उक्त सड़क से लगा रहता है।किन्तु पिछले एक दशक से नगर पंचायत के उक्त सड़क की दशा बद से बदतर होती जारही है।सड़क में जगह ब जगह एक से डेढ़ फिट के गहराई और चौड़ाई में गड्ढे बन गए हैं।कई जगह तो सड़क का अता पता तक नही है। पूरी सड़क गड्ढे में तब्दील है।जिससे आये दिन सड़क दुर्घटनाएँ होरही हैं।सिर्फ इतना ही नही व्यापारियों और ग्राहकों का इस व्यापारिक केन्द्र से मोह भी भंग होना शुरू होगया है।उन्होंने उसका बाजार के ऐतिहासिक व्यापारिक केन्द्र के अस्तित्व बचाने रखने के लिए उसका डॉकबँग्ला से रानीगंज स्थित रेलवे गेट तक की सड़क के निर्माण की नितान्त जरूरत पर बल देते हुए और नगर पंचायत उसका बाजार की बिजली को व्यवस्था को देखते हुए पोर्टल के माध्यम से प्रधानमंत्री को लिखा है पत्र नगर पंचायत उसका बाजार की लाइट की मार झेल रही है जनता इसको लेकर आगे आए है समाज सेवी रामेश्वर पांडेय आगे आए और बिजली व्यवस्था को ठीक कराने को लिखा पत्र और आवश्यक कार्रवाई करने की माँग किया है।

## सड़क पर तड़प रही है बेजुबान जानवर, जिम्मेदार मौन

अनंत मिश्रा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार । नगर पंचायत उसका बाजार में सड़क पर कई घंटो से तड़प रही है बेजुबान जानवर समाज सेवी पुलकित अग्रहरी ने अधिकारी एवं नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार यादव के पास संपर्क करने की कोशिश की लेकिन मोबाइल बंद रहा है समाज सेवी पुलकित अग्रहरी ने नजदीकी पशु अस्पताल पर सूचना दी उसके बाद कंपाउंडर जितेंद्र श्रीवास्तव ने समय से पहुंचकर पशु का इलाज किया ।

## श्रीमद् भागवत कथा से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है- सांसद जगदंबिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सांसद जगदंबिका पाल द्वारा स्थानीय रॉयल



ग्रीन पार्टी लॉन में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया अपने संबोधन में उन्होंने कहा ऐसे आयोजन कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक वातावरण और उर्जावान वातावरण बनता है संस्कार संस्कृत के प्रति लोगों में जागरूकता आती है 7 दिन तक चलने इस आयोजन के स्थानीय आयोजक बबलू श्रीवास्तव तथा आयोजन समिति के सदस्य राणा प्रताप सिंह, आरसी शर्मा ,चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ,अजय कुमार गुप्ता, मनोज चौबे, शिवम त्रिपाठी ,रंजीत रंजीत कुमार तिवारी ,आकाश ,मुन्ना ,साहिब ,राकेश पांडे ,यस मीडिया के नीलू सिंह सहित तमाम भक्तगण उपस्थित रहे।

# किसानों के जीवन एवं फसलों को बचाने के लिये महा ड्रेनेज परियोजना स्वीकृति देने की माँग

दैनिक बुद्ध का संदेश

कुशीनगर।पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव ने मुख्यमंत्री से कुशीनगर के किसानों के जीवन एवं फसलों को बचाने के लिये महा ड्रेनेज परियोजना को वित्तीय स्वीकृति देने की माँग किया।अतिवृष्टि, जलजमाव तथा ध्वस्त ड्रेनेज प्रणाली के कारण पिछले तीन वर्षों में अठ्ठाइस सौ करोड़ के फसलों का हो चुका नुकसान,किसानों के समक्ष भयावह स्थिति उत्पन्न भौगोलिक दृष्टि से 40: नीची जमीन होने के बावजूद जनपद में जलसंग्रह के नाम पर बड़े ड्रेनो में बनाये गये मिनी चेक डेम, जिससे पानी के बहाव में हुआ गतिरोध पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव ने कुशीनगर जनपद के दौरे पर आये मुख्यमंत्री योगी जी को किसानों के समक्ष उत्पन्न भयावह संकट के तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्राथमिकता के आधार पर ड्रेनेज प्रणाली को ठीक कराकर किसान एवं फसलों को बचाने का अनुरोध किया है।पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि कुशीनगर जिले में अतिवृष्टि जलजमाव के कारण पिछले तीन वर्षों में गन्ना,धान एवं केला उत्पादक किसानों को लगभग 28 से 30 अरब रूपये का नुकसान उठाना पड़ा है वर्ष 2018–19 में लगभग छह से आठ अरब रूपये , 2019–20 में लगभग दश से बारह अरब रूपये तथा इस वर्ष 2020–21 में लगभग लगभग दश से बारह अरब रुपये की फसलों का नुकसान हो चुका है।कुशीनगर में लगभग 40: नीची जमीन है



जिसमें किसान खेती करते हैं तथा खेतों,तालाबों एवं तालो से पानी निकासी हेतु बनाये गये वर्षों पूर्व ड्रेनेज व्यवस्था के ६ाराशायी होने के कारण तालो एवं निची जमीनों में एकत्रित पानी के ओवरफ्लो के कारण लगभग 25 से 30: ऊंची जमीनों में खड़ी गन्ना एवं केला तथा हल्दी को भी पिछले तीन वर्षों में व्यापक नुकसान हुआ है । नीची जमीन में लगी गन्ना एवं धान तो लगभग पूरी तरह नष्ट हो गया है।

जबकि जलजमाव एवं जलभराव के कारण हजारों हेक्टेयर में खड़ी गन्ना की फसलें सूख रही हैं ।पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्षो पूर्व से बनाई गई ड्रेनों में जगह–जगह अतिक्रमण हो चुका है अनेक बड़ी ड्रेनो के टेल के तरफ बहाव बाधित हो चुका है। पिछले वर्षों में जल संग्रह के नाम पर भूमि संरक्षण विभाग ने कुछ बड़े ड्रेनो में पक्का मिनी चेक डेम बनाकर ड्रेनो के बहाव में गतिरोध पैदा कर दिया है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ा है । सूख रहे गन्ने के कारण गन्ने के अभाव में चीनी मिलों को मध्य पेराई सत्र में बंद होने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है ।पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव ने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि पिछले तीन वर्षों में हुए अरबों रुपए की फसल नुकसान ने कुशीनगर के किसानों की कमर तोड़ दिया है बैंकों एवं साहूकारों से लिए गये कर्ज भी चुकाना असंभव होता जा रहा है तथा अगली फसल एवं पारिवारिक खर्च चलाने के लिए आभूषण एवं खेत भी बंधक रखना पड़ सकता है ।इस पत्र के माध्यम से शासन को अवगत कराना चाहता हूं कि यदि वास्तविक रूप से ड्रेनेज प्रणाली ठीक नहीं की गयी तथा अगले मानसून सत्र में भी सामान्य से अधिक बारिश हुई तो कुशीनगर में भी कुछ किसान आत्महत्या जैसे अप्रिय कदम उठा ले तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए । पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि अविभाजित जिला देवरिया के तत्कालीन जिलाधिकारी श्री मनोज कुमार ने भविष्य के संकट को ध्यान में रखकर कुशीनगर (तत्कालीन जिला देवरिया ) में महा ड्रेनेज परियोजना का प्रस्ताव राज्य एवं केंद्र सरकार को भेजा था जो अभी तक ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है ,पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ जी से आग्रह करते हुए कहा है कि कुशीनगर के किसानों के जीवन एवं फसलों को बचाने हेतु प्रभावी ड्रेनेज प्रणाली बनाने का निर्देश जल्द से जल्द देने की कृपा करेंगे।

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उमाशंकर गोंड का भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। रविवार (पूर्वानेट) को उसका ब्लॉक के नगर पंचायत उसका बाजार में सतीश धुरिया, रामनाथ धुरिया , आशीष धुरिया तथा मनोज कुमार धुरिया के नेतृत्व में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष (अनुसूचित जनजाति मोर्चा) गोंडवाना गणतंत्र पार्टी उत्तर प्रदेश उमाशंकर गोंड का भव्य स्वागत समारोह किया गया। इस दौरान माननीय द्वारा जनजातीय विकास तथा शिक्षा गोष्ठी को संबोधित करते हुए समाज में युवाओं को आगे लाने के लिए उच्च शिक्षा को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किए और आगे की रणनीति को दृष्टिगत रखते हुए राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस को भव्य कार्यक्रम में पहुंच कर सफल बनाने हेतु चर्चा की गई। कार्यक्रम का अध्यक्षता मुरली धर धुरिया प्रदेश संरक्षक गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (अनु.जन. जाति मोर्चा) ने किया। सबकादल यूनाईटेड के बस्ती मंडल प्रभारी रामनरेश लोधी ने गोंडवाना संस्कृति के अग्रिम धरोहर विरशा मुंडा जी को याद करते हुए , समाज में कैसे चेतना लाया जाय के बारे में वक्तव किए। इस दौरान भूमक बृजेश कुमार धुरिया, सन्तोष कुमार गोंड , राजेश धुरिया सहित निम्न सगा जन सम्मिलित हुए ।सतीश धुरिया आशीष धुरिया मनोज धुरिया , संतोष धुरिया , बासमती धुरिया काजल धुरिया सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण

दैनिक बुद्ध का संदेश

रामकोला/कुशीनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर के रामकोला विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कुशीनगर में राजकीय मेडिकल कॉलेज और अन्य विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा, कुशीनगर में लगभग 400 करोड़ रुपए से ज्यादा विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले कि आज गरीबों को राशन मिल रहा है, ये राशन क्या 2017 के पहले भी मिलता था ? 2017 के पहले ऐसे राशन नहीं मिलता था, क्योंकि तब अब्बा जान कहने वाले ही राशन हजम कर जाते थे। आज इन गरीबों का राशन कोई हजम नहीं कर सकता।अगर हजम करेगा तो वो जेल जाएगा। क्या राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले राम मंदिर बनवाते? कश्मीर से धारा 370 हटाते? तालीबानी सोच वाले तीन तलाक को खत्म करते ? बिच्छू कहीं भी होगा तो डंसेगा ही। मुख्यमंत्री ने पूछादृक्या राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले राम मंदिर बनवाते ? आगे सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या सपा सरकार के कार्यकाल में राम मंदिर बनता? क्या कांग्रेस मंदिर बनवाती? बसपा बनवाती? भगवान राम का मंदिर दुनिया का सबसे सुंदर व सबसे भव्य मंदिर बनने जा रहा है। कोरोना काल में सरकार को राजस्व की हानि हुई, लेकिन विकास कार्य नहीं रुके। कुशीनगर और देवरिया में भाजपा सरकार नई चीनी मिलें लगाएगी। कुशीनगर में लगभग 8 लाख लोगों ने टीका लगवा लिया है। विदेश में यही टीका लगभग 3–5 हजार रुपए का पड़ता है। मोदी जी के नेतृत्व में ये टीका निरूशुल्क लग रहा है ताकि देश की जनता को कोरोना से सुरक्षित रखा जा सके।

# विश्व गुरु बनने का सपना होगा साकार: समीर त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां। नौतनवा विधानसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन रतनपुर ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में आयोजित किया गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं विधायिका संगीता यादव रही।बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ ,सबका विकास , सभी का विश्वास का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है। आज भारत पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने को अग्रसर हैप् ऐसे में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को चाहिए कि वे लोग भाजपा की मुख्यधारा में शामिल होकर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, विचारों को आत्मसात करते हुए देश को एक नई दिशा देने में अपना भरपूर सहयोग करें। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी नौतनवा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं निवर्तमान प्रत्याशी समीर त्रिपाठी ने कहा कि नौतनवा विधानसभा क्षेत्र के लोग जहां दो नेताओं के बीच में फस कर पीसते रहे हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी ने 2017 के चुनाव में 47 हजार मत पाकर इस विधानसभा के विपक्षी नेताओं को चौंका दिया । समीर त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के बाद से ही इस विधानसभा क्षेत्र में जो लोग भी राजनीति किए उनमें हनक नहीं थी। उन्होंने कहा मैं 2017 में विधानसभा का चुनाव लड़ के यहां के नेताओं को यह बता दिया कि भारतीय जनता पार्टी आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में परचम लहराएंगी । उन्होंने कहा कि आज सहकारिता चुनाव हो या पंचायत चुनाव हो अथवा ब्लाक प्रमुख का चुनाव अपने सभी मोर्चों पर खड़े होकर अपने प्रत्याशियों और समर्थकों को चुनाव मैदान में उतारा और विरोधियों की बोलती बंद कर दी। उन्होंने कहा कि आज नौतनवा ब्लाक प्रमुख पद पर राकेश मद्धेशिया जैसे नौजवान को ब्लॉक प्रमुख बनाकर कार्यकर्ताओं एवं जनता के सहयोग से विरोधी दलों के नेताओं को ६ूल चटाने का कार्य किया है।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास जी ने भी अपने संबोधन में सभी आगंतुकों के प्रति आभार करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और विचारों को प्रबुद्ध वर्ग आत्मसात करें और देश को विश्व गुरु बनाने में अपना अहम योगदान दें। इस मौके पर प्रधानाचार्य जगदीश यादव, प्रधानाचार्य राजेश्वर सिंह, अधिवक्ता राजेश पाठक, विधानसभा संयोजक राधेश्याम सिंह जी, मंडल अध्यक्ष विष्णु देव चौरसिया जी मंडल मंत्री सागर विश्वकर्मा जी पिछड़ा मोर्चा के शोध प्रमुख हरिनारायण सिंह लोधी जी मनोज राना, बबलू सिंह, प्रदीप सिंह, नन्हे सिंह, अजय सिंह, राजेश्वर चौहान, ६र्मेंद्र जयसवाल, बाबू नंदन शर्मा ,गगन पांडेय,गजाधर दुबे,सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।



## सावधान आप को कही टायफाइड बुखार तो नही, बुखार का कहर जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद में बरसात के थमते ही बुखार का कहर जारी हो गया है। गंदे पानी के सेवन से वायरल फीवर के साथ–साथ अस्पतालों में टायफाइड के भी मरीज आने शुरू हो गए हैं। एक माह के भीतर जिला अस्पताल में 584 मरीजों ने चिकित्सक से सलाह लेकर उपचार शुरू किया है, जबकि सीएचसी–पीएचसी पर नजर दौड़ाएं तो हर रोज जिले में हजारों की संख्या में वायरल व टायफाइड के मरीज उपचार करा रहे हैं। जुलाई व अगस्त माह जिले को पूरी तरह बरसात के आगोश में समाए रखा। जिले की आधे से अधिक आबादी पखवाड़े भर से अधिक समय तक बाढ़ की चपेट में रही। बाढ़ का पानी धीरे–धीरे हटने के बाद बीमारियां बढ़नी शुरू हो गई हैं। चिकित्सकों के अनुसार दो तरह के बुखार पीड़ित आमतौर पर अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। इसमें मौसम के बदलाव से वायरल फीवर हो रहा है, जबकि गंदे पानी के सेवन से टायफाइड के मरीज भी बड़ी संख्या में निकल रहे हैं।मौसम के ठंडा–गर्म होने से वायरल फीवर हो रहा है। इससे गले में खरास, बुखार की दिक्कतें आ रही हैं, जबकि टायफाइड का असर भयानक दिख रहा है। बाढ़ के चलते 20–30 फीट का पानी पूरी तरह से गंदा हो चुका है। इस पानी के सेवन से लगातार टायफाइड के मरीज निकल कर आ रहे हैं। शुद्ध पानी के सेवन व सतर्कता से इस पर काबू पाया जा सकता है।

# सम्पादकीय

**यदि ऐसा नहीं होता तो किसान नुकसान में रहेंगे। वैसे भी एमएसपी इस बात की गारंटी नहीं है कि उससे फसल का वास्तविक मूल्य मिल सकेगा। यही वजह है कि किसानों को फसलों की विविधता बढ़ाने के लिये बेहतर विकल्प दिये जाने की बात कही जाती है। वे फसल चक्र में ...**

## किसान को राहत

केंद्र के तीन नये कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसानों के विरोध के बीच बुधवार को केंद्र सरकार ने छह रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की घोषणा की है। आगामी विपणन सीजन, जो कि मार्च, 2020 से आरंभ होगा, में सरकार ने दलहन व तिलहन की एमएसपी में ज्यादा वृद्धि की है। सबसे कम वृद्धि गेहूं की एमएसपी में की गई है। सरसों की एमएसपी में जहां 400 रुपये की वृद्धि की है, वहीं गेहूं की एमएसपी में 40 रुपये बढ़ाने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। दरअसल, केंद्र सरकार खरीफ व रबी मौसम की तेईस फसलों के लिये एमएसपी तय करती है ताकि बाजार में मूल्यों में गिरावट होने पर किसान को नुकसान न हो। यद्यपि रबी की फसल में गेहूं का सर्वाधिक उत्पादन होता है लेकिन उस पर एमएसपी ज्यादा नहीं बढ़ाई गई। सरकार की मंशा है कि किसानों को गेहूं व धान की खेती को कम करने के लिये प्रेरित किया जाये ताकि तिलहनों और दलहनों की खेती को बढ़ावा दिया जा सके। देश में खाद्य तेलों के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि और इनके आयात के दबाव को कम करने के मकसद से सरकार ऐसे कदम उठा रही है। सरकार की मंशा है कि देश में मांग के अनुरूप ही तिलहन व दलहन की पैदावार में वृद्धि की जा सके। राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में जारी आंदोलन के चलते किसानों के असंतोष को कम करने की दिशा में यह एमएसपी में वृद्धि की गई है। वहीं केंद्र सरकार की दलील है कि इससे किसानों की आमदानी बढ़ेगी और उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। दूसरी तरफ किसान नेताओं की दलील है कि एमएसपी में वृद्धि से किसानों को वास्तविक लाभ नहीं होगा क्योंकि किसानों के पास एमएसपी पर फसल बेचने की गारंटी नहीं होती। दरअसल, पिछले नौ माह से जारी किसान आंदोलन में किसान जहां तीन नए कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं, वहीं न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने की मांग प्राथमिकता के आधार पर उठा रहे हैं। विपक्षी दल कह रहे हैं कि एमएसपी वृद्धि के जरिये केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड आदि राज्यों के आसन्न चुनाव के मद्देनजर किसानों को साधने की कोशिश में है। वहीं कुछ कृषि विशेषज्ञ मानते हैं कि बढ़ती महंगाई के बीच किसान को राहत देने के लिये ये कदम उठाये जाते हैं, एमएसपी बढ़ाये जाने का किसान आंदोलन व चुनावों से कोई सरोकार नहीं है। न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाना सामान्य प्रक्रिया है, जो सरकार हर साल बुआई से पहले अमल में लाती है। इसमें दो राय नहीं कि पेट्रोल–डीजल के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद महंगाई की जो मार सारा देश महसूस कर रहा है, उसकी तपिश किसान तक भी पहुंच रही है। कृषि उत्पादों की लागत पहले के मुकाबले बढ़ी है। डीजल, मशीनरी, बीज व खाद पर भी महंगाई का प्रभाव पड़ा है। मनरेगा में श्रमिकों की सक्रियता के बाद कई राज्य में खेती के लिये श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे मशीनरी पर किसानों की निर्भरता बढ़ी है। डीजल के दामों में वृद्धि ने किसानों की लागत बढ़ाई है। ऐसे में एमएसपी के जरिये किसी सीमा तक किसानों को राहत देने का प्रयास हुआ है। वहीं कुछ कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि एमएसपी में वृद्धि महंगाई दर के अनुपात में होनी चाहिए। सरकारी कर्मचारियों को भी तो महंगाई भत्ता मिलता है।

## अब तो इंग्लिश ही संवारेगी तस्वीर

प्रदीप कुमार राय

ऐसा लगता है कि भारत में हिन्दी को बचाने का एक ही तरीका हैज्कृशहिन्दीय को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाना शुरू कर दो। श्इंग्लिश शरणम् गच्छामिय यानी पूरी तरह परायी भाषा के फ्रेम में जड़कर ही भारत में हिन्दी बच पाएगी। चंद रोज बाद आ रहे हिन्दी दिवस पर शहिन्दी विद इंग्लिश मीडियमय का प्रस्ताव निरूसंकोच पारित कर दिया जाए। ऐसा होते ही देश में हिन्दी के भविष्य को लेकर उपजी सारी चिंताओं को विराम मिलेगा। अंग्रेजी में हिन्दी पढ़ाते हुए बस इतना–सा काम करना है कि पाठ्यक्रम हिन्दी का हो, लेकिन शिक्षक अपना लेक्चर इंग्लिश में दे। हिन्दी साहित्य को अंग्रेजी में पढ़ाया जाए। हिंदी उच्चारण की चीजें रोमन में लिखकर विद्यार्थियों को दी जाए। इससे अंग्रेजी मीडियम के आकर्षण में हिन्दी के कोर्सों की खाली कक्षाएं लबालब भर जाएंगी और अमुक हिन्दी विरोधी... तमुक हिन्दी विरोधीज् अमुक हिन्दी प्रेमी... चमुक हिन्दी प्रेमी हो जाएंगे। अंग्रेजी मीडियम में भारत में सब कुछ लोकप्रिय हो जाता है, तो क्या हिन्दी नहीं होगी।

इस फार्मूले में देवनागरी में हिंदी लिखने वाले भले कम हों, रोमन में तो लिखेंगे... हिन्दी के अक्षर गायब होंगे... उसके स्वर तो गूंजेंगे... उसके साहित्य की बात होगी। भारत में इंग्लिश ने किस–किस की किस्मत नहीं चमकाई। बड़े बेकार से समझे जाने वाले फील्ड को भी इंग्लिश ने भाग्य लगाए हैं। भारत ही वो देश है जहां सिर्फ खाली–पीली अंग्रेजी बोलकर भी कोई गारंटीशुदा विद्वान बन सकता है। यहां धारदार अंग्रेजी वक्ता को कोई नहीं टोकता कि आपकी विषय वस्तु में क्या खोट था? जो प्रोफेसर यह कहे कि मेरी हिंदी कमजोर है, विद्यार्थी उसे तुरंत विद्वान मान बैठते हैं। भारत मूलतःइंग्लिश मीडियम देश है। वो देश हैं जहां शहिन्दी मीडियमय और श्इंग्लिश मीडियमय जैसी फिल्में बनती हैं। यहां अगर ज्ञान की किसी शाखा ने बचना है वो इंग्लिश के घर में शरण लेकर ही बचेगी। भाषाओं की जननी संस्कृत को भारत में तब बड़ी राहत मिली, जब संस्कृत की गोष्ठियों में इसके साहित्य को अंग्रेजी में समझाया। हिन्दी फिल्मों की स्क्रिप्ट जब तक खूब इंग्लिश में न आई, हिन्दी फिल्मों के सितारे अच्छे से काम नहीं कर पाए। इस तरह जब सबका बेड़ा इंग्लिश ने पार किया, तो क्या स्कूल, कॉलेज में हिन्दी का बेड़ा पार नहीं करेगी। मैकाले का कहना थाकृअंग्रेज बचे न बचे, अंग्रेजी बचनी चाहिए। अब बताओ मैकाले अंकल के सपने को जितनी निष्ठा से भारत ने पूरा किया, उतना किस देश ने किया। हमारी भक्ति के बदले अंग्रेजी ने बहुत उपकार भी भारत पर किए है... बस अब हिन्दी को पूरी तरह अपनी शरण में लेकर हम पर एक बड़ा उपकार कर दे।

## लेखरा ने लिख दी सोने की इबारत

**दरअसल, वह ओलंपिक में शूटिंग में सोने का तमगा जीतने वाले अभिनव बिंद्रा से खासी प्रभावित रही। उनकी किताब पढने से उसे खासी प्रेरणा मिली। आज उनकी सफलता से देश प्रफुल्लित है। प्रधानमंत्री–राष्ट्रपति के अलावा देश की तमाम बड़ी हस्तियों ने उसका हौसला बढ़ाया है। तमाम बड़े–छोटे पुरस्कारों के अलावा महिंद्रा ग्रुप के सीईओ आनन्द महिंद्रा ने उसे स्पेशल डिजाइन की गई एसयूवी ...**

अरुण नैथानी

ग्यारह साल की छोटी–सी उम्र में कार दुर्घटना में यदि रीढ़ की हड्डी पर गंभीर चोट आये और शरीर का निचला हिस्सा काम करना बंद कर दे, तो सपने तो दूर की बात है जीवन की हकीकत भी दुरूह हो जाती है। सपने तो व्यक्ति तब देखेगा जब व्यक्ति सामान्य जीवन जीने लायक होगा। किसी बेटी के लिये तो यह राह और भी जटिल हो जाती है। फिर भारत जैसे देश में जहां शारीरिक अपूर्णता को लेकर तरह–तरह के फिक्रे कहने, उलाहने देने तथा हिकारत से देखने का अतीत रहा हो। दरअसल, आज भी हम सामान्य जीवन की वे व्यवस्थाएं स्थापित नहीं कर पाये हैं, जो दिव्यांगों को सामान्य जीवन जीने में सहायक हो। फिर खेल से जुड़ी सुविधाएं तो दूर की कौड़ी है। ऐसे हालात में यदि अवनि विश्वस्तरीय चुनौती के बीच पैरालंपिक में एक नहीं दो–दो पदक लेकर आए तो उसके जज्बे को सलाम बनता है। वह तमाम दिव्यांगों की ही प्रेरणा नहीं है, बल्कि बेहद मुश्किलों में जीवनयापन करने वालों के लिये भी प्रेरणा की जीवंत मिसाल है। जो बताती है कि हौसलों से हर लड़ाई जीती जा सकती है। हर सपना साकार किया जा सकता है।

टोक्यो पैरालंपिक में इस कमाल की बेटी अवनि लेखरा ने वाकई बड़े कमाल कर दिखाये। उसने टोक्यो पैरालंपिक में भारत के लिये पहला स्वर्ण पदक ही नहीं जीता, कई कीर्तिमान स्थापित किये। शूटर अवनि ने असाका शूटिंग रेंज में महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एस–1 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर नया इतिहास रच दिया। उसने न केवल 249.6 प्वाइंट हासिल करके नया रिकॉर्ड बनाया बल्कि विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की। उन्नीस साल की अवनि पैरालंपिक में सोने का पदक जीतने वाली पहली महिला बनी। शूटिंग में भी यह भारत का पहला स्वर्ण पदक है। वह यहीं नहीं रुकी और खेलों के समापन से पहले महिलाओं की पचास मीटर राइफल पी–3 एसएच–1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लायी। एक पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली अवनि भारत की पहली महिला एथलीट हैं। उसने बताया कि बुलंद हौसलों और कभी हार न मानने के जज्बे से कोई भी सफलता हासिल की जा सकती है। दरअसल, एसएच–1 राइफल वर्ग में वे निशानेबाज शामिल होते हैं जो हाथ में बंदूक तो थाम सकते हैं, लेकिन पैरा शरीर का वजन नहीं उठा सकते। ऐसे एथलीट व्हील चेयर पर बैठकर प्रतिस्पर्धा में भाग लेते हैं। टोक्यो पैरालंपिक के समापन पर अवनि ने भारतीय दल का नेतृत्व किया और व्हील चेयर पर तिरंगा लेकर गर्व से आगे बढ़ी। दरअसल, जयपुर की रहने वाली अवनि 2012 में एक कार दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी की गहरी चोट का शिकार हो गई थी, जिसके बाद उसके शरीर के निचले हिस्से ने काम करना बंद कर दिया। पिता ने उसे खेलों में भविष्य तलाशने के लिये प्रेरित किया। उसने तीरंदाजी और शूटिंग में हाथ आजमाने का मन बनाया। वो बताती है कि वर्ष 2015 की गर्मियों की छुट्टी में पापा शूटिंग रेंज में लेकर गये। मैंने कुछ शॉट लिये और वे सटीक निशाने पर लगे। पहले यह अवनि के लिये शौक था, फिर जुनून बन गया। वह कहती है कि जब मैं राइफल उठाती हूं, तो अपनापन लगता है। उससे लगाव महसूस होता है। फिर एकाग्रता और निरंतरता के साथ अवनि आगे बढने लगी। वर्ष 2015 में जयपुर के जगतपुरा खेल परिसर से शुरू हुई यात्रा फिर टोक्यो पैरालंपिक तक पहुंची। फिलहाल अवनि सहायक वन संरक्षक के पद का दायित्व निभा रही हैं और कानून की छात्रा भी हैं। इससे पहले अवनि ने निशानेबाजी की बारह अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लिया। अवनि ने वर्ष 2016–2020 के बीच नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में पांच बार गोल्ड मेडल जीतकर अपने इरादों को बता दिया था। उसने संयुक्त अरब अमीरात में वर्ष 2017 में हुए विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। अवनि ने वर्ष 2017 में बैंकाक में विश्व निशानेबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। फिर क्रोएशिया व संयुक्त अरब अमीरात में हुए विश्व कपों में इस पदक को रजत पदक में बदल दिया। दरअसल, कोविड के कारण लगे लॉकडाउन और बंदिशें उसके लिये कष्टकारी साबित हुई। एक तो वह पर्याप्त अभ्यास नहीं कर पायी तो दूसरी ओर शारीरिक दिक्कतों के चलते जरूरी फिजियोथेरैपी नहीं ले पायी। दरअसल, स्पाइनल कॉड की परेशानी के कारण उसे कमर के निचले हिस्से में संवदेना महसूस नहीं होती, जिसके चलते पैरों का व्यायाम कराना होता है। कोरोना संक्रमण के कारण फिजियोथेरेपिस्ट नहीं आ पायी। फलतरू इसमें उसके माता–पिता ने मदद की। वैसे तो शूटिंग की ट्रेनिंग घर पर संभव नहीं थी, लेकिन उसने बिना गोलियों के प्रैक्टिस आरंभ कर दी। शुरुआत में आर्चरी व शूटिंग में हाथ अजमाने वाली अवनि को बाद में शूटिंग में भाग्य आजमाना रास आया। वे इसे पूरी रुचि के साथ करने लगी। दरअसल, वह ओलंपिक में शूटिंग में सोने का तमगा जीतने वाले अभिनव बिंद्रा से खासी प्रभावित रही। उनकी किताब पढने से उसे खासी प्रेरणा मिली। आज उनकी सफलता से देश प्रफुल्लित है। प्रधानमंत्री–राष्ट्रपति के अलावा देश की तमाम बड़ी हस्तियों ने उसका हौसला बढ़ाया है। तमाम बड़े–छोटे पुरस्कारों के अलावा महिंद्रा ग्रुप के सीईओ आनन्द महिंद्रा ने उसे स्पेशल डिजाइन की गई एसयूवी तोहफे देने की घोषणा की है। देश को उनसे और पदकों की उम्मीद है, वह भी हालिया उपलब्धियों से संतुष्ट भी नहीं है।

## वैक्सीन के बावजूद सामूहिक इम्यूनिटी का प्रश्न

**इसमें बुजुर्ग, अस्पताल कर्मी और अग्रिम पंक्ति के कोरोना–यो)ा शामिल हैं, जिन्हें बल्कि ज्यादा खतरा है। यह आंकड़ा अधूरा है क्योंकि इसमें कोवैक्सीन वालों को नहीं गिना गया है। अमेरिका में मामलों में आए उछाल के पीछे एक बड़ा कारण लोगों में दूसरा टीका लगवाने में झिझक भी है या जिन्होंने एक भी खुराक नहीं लगवाई। हमारे यहां पिछले कुछ हफ्तों में कोविड के घटते मामलों का मतलब ढिलाई ...**

डॉ. जगत राम और डॉ. राकेश कोछड़

भारत में मई के महीने में कोविड–19 की दूसरी लहर ने चरम पर पहुंचकर कोहराम मचाया था, उसके अवसान पर केसों की गिनती कम होने लगी है। धीरे–धीरे पाबंदियों में कमी की जा रही है, हालांकि वैज्ञानिक तीसरी लहर की चेतावनी दे रहे हैं, लेकिन ज्यादातर लोग कोविड–रोधी आचार–व्यवहार संहिता को नजरअंदाज कर रहे हैं। पर्यटन में उछाल आया है। हम उत्सव सीजन की ओर बढ़ रहे हैं और दशहरा और दिवाली जैसे त्योहारों में ढिलाई बरतने से इनके सुपर–स्प्रैडर बनने की प्रबल संभावना है। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं वहां आने वाले महीनों में राजनीतिक गतिविधियों में उफान आना तय है। यह सब मिलकर केसों में वृद्धि का बायस बनेंगे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार किसी संक्रमण के प्रति सामूहिक रोगप्रतिरोधक क्षमता (हर्ड इम्युनिटी) तब बनती है जब अधिकांश लोगों को वैक्सीन लग जाए या फिर संक्रमण से प्रभावित होकर खुद ठीक चुके हों। आईसीएमआर का चौथा सीरो सर्वे, जो जून के आखिरी सप्ताह में देश के 70 जिलों में हुआ था, पाया गया है कि टीका न लगवाने वाले वर्ग में 62 फीसदी में कोविड–19 प्रतिरोधक एंडीबॉडी बनी है, जिन्हें एक टीका लगा उनमें 81 प्रतिशत तो दोनों टीके वालों में दर 90 फीसदी पाई गई। मध्यप्रदेश 79 प्रतिशत सीरोप्रिवेलैंस के साथ सबसे ऊपर है, इसके बाद राजस्थान, बिहार आते हैं तो 44.4 फीसदी के साथ केरल सबसे नीचे है। इस सर्वे में आम लोगों के शरीर में कोविड रोधी एंटीबॉडीज का पता लगाया गया था।

मोटे तौर पर इससे आभास होता है कि भारत सामूहिक रोगप्रतिरोधक क्षमता पाने की ओर बढ़ रहा है। हालांकि यह सर्वे देश के कुल जिलों के 10 प्रतिशत से भी कम में और केवल 300 लोगों पर हुआ है। चूंकि विभिन्न राज्य कोविड की तीव्रता अलग–अलग मात्रा में अब भी झेल रहे हैं, इसलिए यह डाटा राज्य से राज्य के बीच अलहदा निष्कर्ष वाला है। यहां तक कि सूबों में वैक्सीन लगाने की दर में भी काफी अंतर है। सितम्बर के शुरू तक देश में 18 साल से ऊपर आबादी के लगभग आधे हिस्से को एक या दो टीके लग चुके हैं, हिमाचल प्रदेश में यह दर 96 प्रतिशत है तो बिहार–यूपी में केवल 36 प्रतिशत।

पहले यह माना जाता था कि कोविड–19 के खिलाफ सामूहिक रोगप्रतिरोधक क्षमता तब बनेगी जब 70 फीसदी लोग संक्रमण के बाद खुद ठीक हो जाएं या फिर वैक्सीन लगे। अब इस सीमा रेखा को बढ़ाकर 85 फीसदी किया गया है, फिर भी, कुछ विशेषज्ञों को संशय है कि क्या ऐसा होने पर भी ध्येय का अंतिम बिंदु प्राप्त हो सकेगा। कोविड महामारी में डेल्टा जैसे नित नए रूपांतर धारने वाले वायरस से समस्या में जटिलता पैदा होती है, जिससे टीके लगने के बावजूद रोग प्रतिरोधकता अप्रभावी रह रही है। इसके अलावा शरीर में बनी एंटीबॉडीज से पैदा हुई सुरक्षा की दीर्घता भी अनिश्चित है। कुछ देशों ने घटती प्रतिरोधकता के मद्देनजर बूस्टर टीके लगाने शुरू भी कर दिए हैं।

इस्राइल अपनी 12 साल से ऊपर वाली कुल जनसंख्या के 78 प्रतिशत लोगों को दोनों टीके लगाकर दुनियाभर में अव्वल स्थान पर रहा था। इसलिए लगभग 60 प्रतिशत आबादी पूरी तरह वैक्सीन युक्त है। लेकिन इसके बावजूद वहां तीसरी लहर रोकने में मदद न मिली। आज की तारीख में रोजाना संक्रमण दर में इस्राइल की गिनती चोटी के देशों में है, प्रत्येक 150 लोगों के पीछे 1 व्यक्ति संक्रमित है। इसी तरह का मामला अमेरिका का है जहां रोजाना 500 नए मामले आ रहे हैं जबकि आधी से ज्यादा आबादी को दोनों टीके लग चुके हैं और 61 फीसदी को एक।

इस्राइल की रोजाना संक्रमण दर पिछले कुछ हफ्तों में लगभग दुगुनी हो चुकी है और जुलाई के मध्य रही संख्या से 10 गुणा ज्यादा है। हालिया डाटा बताता है कि गैर–टीका वर्ग में 60 साल से ऊपर वालों में कोविड की अवस्था गंभीर होने की दर दोनों टीके लगवाने वालों से 9 गुणा अधिक है। चिंताजनक यह है इस्राइल के अस्पतालों में गंभीर रूप धरने वाले कोविड मामलों की मौजूदा संख्या में आधे वह हैं जिन्हें टीका लगवाए कम से कम पांच महीने बीत चुके थे। जिनकी हालत गंभीर हुई है, उनमें अधिकांश 60 साल से ऊपर वाले वह हैं जिन्हें अन्य बीमारियां पहले से हैं। जिन्होंने टीका नहीं लगवाया और स्थिति गंभीर हुई है, उनमें ज्यादातर युवा और स्वस्थ लोग हैं। इससे सवाल पैदा होता है कि पूरी वैक्सीन लगवाने के बावजूद वास्तविक असर–काल है कितना। इसलिए चकमा देकर वायरस बाकी आबादी न फैलने पाए, इस्राइल ने उन लोगों को तीसरी टीका लगाना शुरू कर दिया है जिन्हें पहले दो टीके लग चुके है। 10 लाख से ज्यादा लोगों को फाइजर वैक्सीन का बूस्टर टीका लग भी चुका है। पहले यह उनको लगाया जाएगा जिन्हें दूसरा टीका लगवाए कम से कम पांच महीने हो चुके हैं। इसी तरह अमेरिका ने भी सितम्बर के पहले हफ्ते से उनका बूस्टर टीकाकरण करने की घोषणा की है, जिन्हें दूसरा टीका लगवाए 8 महीने हो चुके हैं। यूके समेत अन्य कई यूरोपियन देशों ने भी अपने लोगों को बूस्टर टीका लगवाने की बात कही है। भारत में भी विशेषज्ञ सरकार को सलाह दे रहे हैं कि एंटीबॉडीज का स्तर बनाए रखने को तीसरा टीका लगाने पर गंभीरता से विचार किया जाए। पीजीआई में टीकों से पाई सुरक्षा की अवधि पर अध्ययन जारी है। हाल ही में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के तहत बनाई गई एक कमेटी ने कोविड की आसन्न तीसरी लहर को लेकर चेताया है, जिसका उभार अगले दो महीनों के दौरान बन सकता है। यह वक्त रहते बच्चों के लिए स्वास्थ्य तंत्र को और सुदृढ़ करने के लिए एक चेतावनी है, क्योंकि कहा जा रहा है इस बार बच्चे भी बराबर संख्या में प्रभावित होंगे। इस रिपोर्ट में उन बच्चों को प्राथमिकता से टीका लगाने की सलाह दी गई है जिन्हें पहले से कोई अन्य बीमारी है। इसमें बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टरों और यथेष्ट स्वास्थ्य तंत्र में कमी को भी रेखांकित किया गया है।

तथापि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि तीसरी लहर तभी असरकारक होगी यदि वायरस नया रूप धरकर अधिक मारक बने। जैसे–जैसे रोजाना सक्रिय मामलों में कमी हो रही है और वायरस के अपने वजूद के लिए रूपांतर करने को नए शरीरों का मिलना मुश्किल बना दिया जाए, इससे तीसरी लहर को रोका जा सकता है। तीसरी लहर को आसन्न बताने वालों की चेतावनी लोगों में पूरी वैक्सीन उपरांत अथवा प्राकृतिक रूप से संक्रमित होकर खुद ठीक होने वालों में प्रतिरोधक क्षमता में ह्रास पर आधारित है, और तथ्य यह है कि सबको दो टीके लगाने वाले ध्येय से हम अभी भी कोसों दूर हैं। स्थिति की गंभीरता में इजाफे के पीछे पहले टीके के बाद दूसरी खुराक को नजरअंदाज करने वाले भी हैं। ऐसे लोगों की गिनती 1.6 करोड़ है जिन्हें 4 महीने पहले कोविशील्ड की पहली खुराक लगी थी लेकिन दूसरा टीका नहीं लगवाया। इसमें बुजुर्ग, अस्पताल कर्मी और अग्रिम पंक्ति के कोरोना–योद्धा शामिल हैं, जिन्हें बल्कि ज्यादा खतरा है। यह आंकड़ा अधूरा है क्योंकि इसमें कोवैक्सीन वालों को नहीं गिना गया है। अमेरिका में मामलों में आए उछाल के पीछे एक बड़ा कारण लोगों में दूसरा टीका लगवाने में झिझक भी है या जिन्होंने एक भी खुराक नहीं लगवाई।

## कोरोनारोधी टीका लगवाने के लिए जिला अस्पताल में हंगामा

देवरिया। कोरोना से बचने के लिए लोग अपना और अपने पूरे परिवार का टीका लगवाने में लगे हैं। सभी लोगों को टीके का डोज नहीं मिल पा रहा है। केंद्रों पर टीके की डोज उसे ही मिल रही है जो स्लाट बुक कराकर केंद्र पर पहुंच रहा है। जिला अस्पताल में विदेश जाने वाले लोग टीका लगवाने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंच रहे। यहां सभी लोगों को कोरोनारोधी टीका नहीं लग पा रहा है। इमरजेंसी में लग रहे टीके की भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस पसीने–पसीने रही। ..153 केंद्रों पर 14258 लोगों को लगाया गया कोरोनारोधी टीका लगाया गया। जिले में कुल 16350 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। तीन हेल्थ केयर वर्कर को द्वितीय डोज व एक फ्रंटलाइन वर्कर को द्वितीय डोज दिया गया। 18 वर्ष से 45 वर्ष तक 9 लोगों को प्रथम डोज व 4824 को द्वितीय डोज दिया गया। 45 से 60 वर्ष के लोगों में दो को प्रथम व 6234 को द्वितीय डोज दिया गया। 60 वर्ष से उपर 3185 को द्वितीय डोज दिया गया। जिले में बड़ी संख्या में अभी भी ऐसे लोग हैं जिन्हें कोरोनारोधी टीका नहीं लग सका है।

## कोरोना जांच में 2528 लोग मिले निगेटिव, एक पाजिटिव

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमण को लेकर लोगों की लापरवाही बढ़ गई है। आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 2528 की रिपोर्ट निगेटिव व एक की पाजिटिव रही। जिस गांव में कोरोना पाजिटिव मरीज मिला है वहां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निरोधात्मक कार्य किया। पाजिटिव मरीज के संपर्क में रहे लोगों की सैंपलिग कराने में स्वास्थ्यकर्मी लगे रहे। जिले में अभी तक कोरोना से 219 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। जिले में सक्रिय केस की संख्या एक है। 19991 लोग इलाज कराकर स्वस्थ हो चुके हैं। 24 घंटे में 2570 लोगों की कोरोना जांच की गई। कुल 880605 लोगों की जांच की जा चुकी है। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने कहा कि आज एक की कोरोना जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई है। उस गांव में तथा पाजिटिव के संपर्क में रहे लोगों की सैंपलिग कराई जा रही है। कोविड नियमों का पालन बहुत जरूरी है। कोरोना संक्रमण को लेकर लापरवाही ठीक नहीं है।

## फिर बढ़ने लगा सरयू का जलस्तर

देवरिया । जिले में नदियों का जलस्तर में कमी होने से जहां बाढ़ पीड़ितों के साथ अफसरों को राहत मिली थी। 24 घंटे के भीतर सरयू के जलस्तर में हुई वृद्धि से तटवर्ती लोगों की नींद उड़ गई है। नदी अभी भी खतरे के निशान से 1. 05 मीटर ऊपर बह रही है। उधर रुद्रपुर तहसील क्षेत्र में राप्ती व गोर्रा नदी के जलस्तर में लगातार कमी होने से कटान का खतरा बढ़ गया है। बरहज संवाददाता के अनुसार सरयू नदी के जलस्तर में 24 घंटे में सात सेंटीमीटर जलस्तर में वृद्धि हुई है। नदी अभी भी खतरे के निशान से 1.05 मीटर ऊपर बह रही है। सरयू और राप्ती नदी का जलस्तर घटकर नदी की पेट में है। लेकिन वृद्धि हुई तो बाढ़ का खतरा दोबारा बढ़ जाएगा। सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान 66.50 मीटर से ऊपर 67.55 मीटर पर है। 24 घंटे में सरयू नदी के जलस्तर में सात सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। नदी खतरे के निशान से 1.05 मीटर ऊपर है। जलस्तर घटने के बाद तटवर्ती गांव के लोग राहत महसूस कर रहे थे। भदिला प्रथम गांव अभी भी पानी से घिरा है। परसिया देवार के चार और विशुनपुर देवार के 10 टोलों से बाढ़ का पानी हट गया है। यहां की स्थिति धीरे–धीरे सामान्य हो रही है। उपजिलाधिकारी संजीव कुमार यादव ने बताया कि जलस्तर बढ़ा है। चिता की कोई बात नहीं है। नदी की स्थिति पर प्रशासन की नजर है।

## सपा का जन चौपाल कार्यक्रम 13 को

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि 13 सितंबर को पूर्व मंत्री संजय विद्यार्थी सविता का जन चौपाल कार्यक्रम जिला पार्टी कार्यालय चुर्क को मोड़ रावटसगंज पर होगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं ।समाजवादी पार्टी के जिला पदाधिकारी पूर्व सांसद पूर्व विधायक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विधानसभा पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष गण जिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी नगर पदाधिकारी सेक्टर पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति समय दोपहर 11.00 बजे से जिला पार्टी कार्यालय पर अति आवश्यक है।

## तमंचा के साथ एक युवक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर ।गोला थाना क्षेत्र के गोपलापुर निवासी अंगद पासवान पुत्र रामानंद को शनिवार की रात लगभग 9 बजे के करीब तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया ।प्राप्त बिबरण के अनुसार शनिवार की रात को पुलिस वाहन चेक कर रही थी। इसी दौरान पावर हाउस मोड़ पर एक युवक संदिग्ध दिखा। तलाशी लिए जाने पर उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा मिला। पुलिस युवक को गिरफ्तार कर थाने थाली लाई। जहां उसके खिलाफ 325 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआइ आलोक राय, राजेश यादव, शैलेंद्र शुक्ल, प्रवीण तिवारी, दिनेश यादव शामिल थे।

## चोरों ने ट्रक पर किया हाथ साफ

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला, गोरखपुर ।गोला थाना क्षेत्र के जानीपुर चौराहे से चोरों ने बीती रात एक ट्रक पर हाथ साफ कर दिए। ट्रक टाटा कम्पनी की दस चक्का है। जिसका नम्बर यू पी 53 ।ज् 68 32 बताया जा रहा है। जानीपुर निवासी महमूद आलम ने बताया कि मैं खुद ही अपनी ट्रक को चलाता हूं इधर कोरोना काल के चलते भाड़ा बराबर नहीं मिल पा रहा है जिसके चलते हमने अपनी ट्रक घर के सामने खड़ी कर दी थी। जिसे बीती रात चोर चुरा ले गए, जब सुबह मेरी नींद खुली तो मैंने देखा कि दरवाजे पर हमारी ट्रक नहीं थी ।काफी खोज बीन के बाद भी जब कुछ पता नही चला तो हमने इसकी सूचना गोला थाने पर दिया। और थाने पर जाकर तहरीर भी दे दिया हूँ। जानीपुर और रामनगर चौराहे पर विगत कुछ माह में कई चोरियां हो चूकी है। जिसका खुलासा आज तक नही हो सका। जिसके चलते चोरों का हौसला बुलंद है। और चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

# जिले में उद्योग लगाने की मांग को लेकर धरना–प्रदर्शन

देवरिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिले में उद्योग लगाने की मांग को लेकर धरना–प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट में पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज को दिया। कार्यकर्ता व पदाधिकारी सुबह करीब 11 बजे सुभाष चौक पर एकत्र हुए। इसके बाद प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। डीएम कार्यालय के सामने धरना पर बैठ गए। प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि जनपद में उप्र चीनी निगम की चीनी मिल भटनी, देवरिया, बैतालपुर को बेच दिया गया। जिसके चलते किसानों ने गन्ना की खेती करना बंद कर दिया। गन्ने की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक चीनी मिल की स्थापना आवश्यक है। निगम की तरफ से संचालित चीनी मिल श्रमिकों को पेंशन के रूप में 900 रुपये से लेकर 1500 रुपये प्रतिमाह भुगतान होता है। महंगाई के कारण ऐसे पेंशनधारकों की स्थिति दयनीय है। श्रमिकों के पेंशन में 5000 रुपये से 7500 रुपये तक बढ़ोत्तरी किया जाना चाहिए। आजादी के बाद देवरिया में एक भी उद्योग धंधा नहीं लगाया गया। इसलिए उद्योग लगाया जाए। प्रदेश में आए दिन अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं। ऐसी दशा में एडवोकेट्स प्रोटक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा नवयुवक आयोग का गठन, पेट्रोल डीजल के दामों को कम करने, सड़कों की मरम्मत कराने, जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग शामिल है। इस मौके पर नेशनल कोआर्डिनेटर पारसनाथ तिवारी, जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर मिश्र, मुरली मनोहर पांडेय, जयभगवान यादव, एसपी शर्मा, राजीव प्रसाद, रमेश यादव, पूजा यादव, रीना सिंह, राज कुमार वर्मा, तारकेश्वर मणि आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

देवरिया। शहर के चीनी मिल मैदान के समीप स्थित विवाह भवन में अधिवक्ता व साहित्यकार स्व.राजेंद्र किशोर शाही की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि समाज को दिशा देने वालों को लोग हमेशा याद करते हैं। स्व. शाही का व्यक्तित्व ऐसा ही था। जिनको भुलाया नहीं जा सकता। वह जनसंघ के कार्यकर्ता थे। पं.दीनदयाल उपाध्याय के साथ कार्य करने का उनको अवसर मिला था। उनके कार्यों को सदैव याद किया जाएगा। सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कार्यक्रम की सराहना की। आयोजक कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि मेरे पिता स्व.राजेंद्र किशोर शाही जनसंघ से जुड़े थे। आपातकाल में 21 माह जेल में रहे। उन्होंने पिता से जुड़े संस्मरण सुनाए। इस मौके पर विधायक डा.सत्यप्रकाश मणि व काली प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी, पूर्व एमएलसी महेंद्र यादव, नीरज शाही, अंतर्यामी सिंह, अनिरुद्ध मिश्र, शाका मिश्र, बिदा कुशवाहा, सुब्रत शाही, उषा पासवान, नित्यानंद पांडेय आदि मौजूद रहे। यह लोग हुए सम्मानितः सम्मानित होने वालों में डा.गिरीश नारायण गुप्ता, डा.शोभा शुक्ला, डा.के सिंह, डा.शिवहरि सिंह, डा. सतीश चंद्र श्रीवास्तव, डा.केशव धर द्विवेदी, डा.सीपी गौतम, डा. एचएस राय, डा.वी किशोर शामिल रहे। उनके अलावा पूर्व विधायक सुबाष चंद्र श्रीवास्तव, रामछबीला मिश्र, राम आधार गुप्त, प्रेमशीला शुक्ला, पूर्व विधायक भुलई प्रसाद, विधायक गंगा सिंह कुशवाहा, वंशराज पांडेय, सह कार्यवाह वीरेंद्र, छट्ठेलाल निगम, हरिप्रसाद, डा.अवधवीर मणि, अखिलेंद्र शाही, रमेश सिंह, रमाशंकर मणि, ठाकुर पाठक, दिवाकर प्रसाद तिवारी, इंद्रकुमार दीक्षित, परमेश्वर जोशी, डा.शाहीन चिश्ती, डा.अंजलिका निगम, डा. अरुणेश नीरन, डा.मकसूदन मिश्र, प्रभाकर राम त्रिपाठी, आनंद सिंह, सिगासन गिरि, चंद्रबली शुक्ला आदि को सम्मानित किया गया।

# नौनिहालों पर बुखार का कहर, अस्पताल में बेड फुल

देवरिया । मौसम में बदलाव के साथ ही बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। महर्षि देवरहा बाबा राजकीय मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल के वार्डों में सबसे ज्यादा वायरल फीवर के मरीज भर्ती हैं। इस वक्त बुखार से पीड़ित 90 बच्चों का इलाज हो रहा है। उधर आठ बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। आठ नए मरीज भर्ती किए गए। जिला अस्पताल का चिल्ड्रेन व पीआइसीयू वार्ड बच्चों से फुल है। शहर के कई प्राइवेट अस्पतालों में भी बच्चों को भर्ती के लिए जगह नहीं है।

पैथालाजी में बुखार के मरीजों की सर्वाधिक जांचः जिला अस्पताल की पैथालाजी में प्रतिदिन बुखार की 100 से अधिक जांच हो रही है। जिसमें बेड के अभाव में अधिकतर डाक्टर को रिपोर्ट दिखाकर दवा लेकर घर चले जा रहे हैं। जिला अस्पताल में बच्चों की दवा के नाम पर सिर्फ सीरप में पैरासिटामाल उपलब्ध है। जिसे दवा वितरण कक्ष से दिया जा रहा है। एक सप्ताह में मिले डेंगू के दो मरीज पैथालाजी में डेंगू की जांच का किट उपलब्ध है। एक सप्ताह के अंदर हुई डेंगू जांच में दो लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। जिसमें पहला मरीज बरहज के तिवारीपुर गांव का शुभम व दूसरा मरीज मुन्ना है, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बच्चों के लिए बनाया जा रहा 20 बेड एचडीयू वार्ड

जिला अस्पताल में चिल्ड्रेन वार्ड में 30 बेड व पीआइसीयू में 15 बेड पर दो से तीन मरीज होने के कारण परेशानी को देखते हुए 20 बेड एचडीयू (हाई डिपेंडेंसी यूनिट) वार्ड बनाया जा रहा है। यह एक से दो दिन में शुरू हो जाएगा। मौसम के बदलाव के कारण मरीजों की संख्या बढ़ी है। भर्ती मरीजों को बेहतर इलाज दिया जा रहा है। चिल्ड्रेन वार्ड में 20 बेड एचडीयू वार्ड बनाया जा रहा है। एक से दो दिन में यह कार्य करना शुरू कर देगा।

# सभी अस्पतालों में स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड हो : डॉ शेट्टी

## 465 छात्रों को ऑनलाइन मोड माध्यम से किया गया सम्मानित

प्रयागराज। इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड से स्वास्थ्य सेवा सुरक्षित, सुलभ और सस्ती हो जाएगी। दुर्भाग्य से दुनिया के लगभग 80 प्रतिशत अस्पतालों में इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड नहीं हैं। हम चाहते हैं कि सभी के पास सबसे स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड हो। उक्त विचार पद्मभूषण और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित हृदय चिकित्सक डॉ. देवी शेट्टी ने शनिवार सुबह भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज के 16वें ई–दीक्षांत समारोह में व्यक्त किया। इस दौरान 465 छात्रों को ऑनलाइन मोड के माध्यम से विभिन्न डिग्रियों से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मेधावी छात्रों को 23 पदक तथा 29 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. देवी शेट्टी ने डिग्री धारकों का आवाहन किया कि वे डिजिटल उपकरण सस्ते दर पर विकसित करके नागरिकों के जीवन को आसान किये जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि शेयर बाजार का मूल्यांकन वास्तविक भारत नहीं है। वास्तविक भारत अभी भी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर करता है, जो आजादी के बाद से आज तक नहीं बदला है। हमारे देश की लगभग आधी आबादी अभी भी बारिश पर निर्भर करती है। दिलचस्प बात यह है कि जब पर्याप्त बारिश होती है तो बम्पर फसल होती है, फिर भी पैसा नहीं होता है क्योंकि उसने जो उगाया है उसका कोई बाजार मूल्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि कोविड ने हमारी दुनिया को बदल दिया है और इसे उल्टा कर दिया है। अब से 50 साल बाद जब इतिहासकार अतीत की बात करगें तो विश्व की घटनाओं को बीसी और एडी के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। उन्होंने उपाधि धारको को प्रेरित करते हुए कहा की जब आप किसी महान उद्देश्य, किसी असाधारण परियोजना से प्रेरित होते हैं, तो आपके सभी विचार अपने बंधन तोड़ देते हैं। प्रोफेसर पी. नागभूषण, निदेशक ने कहा कि कोविड व्यवधान की अवधि के दौरान संस्थान अपने शोध के साथ सक्रिय रहा है। कोरोना वायरस का पता लगाने के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक किट तैयार की गई है। यह किट नैनो टेक्नोलॉजी पर आधारित है। केजी मेडिकल कॉलेज, लखनऊ में इसका सत्यापन परीक्षण चल रहा है। इसके द्वारा परिणाम प्राप्त करने के लिए 15 मिनट से भी कम समय लगता है और यह एक बहुत ही किफायती और प्रभावी समाधान साबित होगा। उन्होंने कहा कोविड व्यवधान के बावजूद हमारे छात्रों ने हैकाथॉन और अन्य कोडिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि स्नेहा मिश्रा को प्रतिष्ठित एडीओबीई वूमेन इन टेक्नोलॉजी फेलोशिप 2021 और कथार संपदा मनोज को ग्रेस हॉपर सेलिब्रेशन फेलोशिप 2021 मिली।

निदेशक ने कहा, इसके अलावा संस्थान द्वारा स्वायत्त रूप से चालित उत्प्रेरक चुंबकीय नैनोबोट्स को डिजाइन किया गया है। यह आविष्कार जल उपचार के लिए उपयोगी है और इससे जल निकायों के भीतर कोई प्रदूषण नहीं होगा। कोरोना महामारी के कारण आई मंदी का संस्थान के प्लेसमेंट आंकड़ों पर कोई असर नहीं पड़ा और 85 प्रतिशत बीटेक छात्रों को दुनिया की विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरियां मिली। इस अवसर पर प्रोफेसर टी लहरी डीन एकेडमिक्स, प्रो विजयश्री तिवारी कुलसचिव, डॉ मनीष गोस्वामी एसोसिएट डीन परीक्षा एवं प्रो नीतेश पुरोहित ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# राजर्षि टंडन के संगीत विभाग की राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संघटक राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर्व के अंतर्गत डॉ नमिता यादव के निर्देशन में श्गायन परंपराओं में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीत शैलियांश विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 8, 10 एवं 11 सितंबर को ऑनलाइन मोड में संपन्न करायी गयी। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता, कलाकार के रूप में देश–विदेश में प्रतिष्ठित तथा ख्याति प्राप्त कलाकारों पंडित प्रेम कुमार मलिक, प्रोफेसर जयंत खोत, तथा प्रोफेसर विद्याधर मिश्रा ने अपने उत्कृष्ट व्याख्यान एवं प्रभावशाली मंच–प्रदर्शन से सभी प्रतिभागियों का ज्ञानार्जन किया। कार्यशाला के पहले दिन 8 सितम्बर को प्रोफेसर जयन्त खोत ने ग्वालियर परंपरा की गायन शैली के ऊपर ज्ञानवर्धक व्याख्यान एवं प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि ग्वालियर घराने में टप खयाल, जयदेव की अष्टपदी आदि विभिन्न अंग में प्रस्तुत की जाती है। उन्होंने जयदेव की रचना श्गीत गोविंदश की ठुमरी के साथ चतुरंग त्रिवट रास की अनोखी प्रस्तुतियां अलग–अलग रागों में प्रस्तुत कीं। कार्यशाला के दूसरे दिन 10 सितम्बर को प्रोफेसर विद्याधर मिश्रा ने बनारस घराने की उपशास्त्रीय संगीत शैलियों पर रसमयी प्रस्तुति देते हुए खयाल, ठुमरी, टप्पा, झूला और कजरी को राग मधुवंती और मिश्र खमाज में प्रस्तुत किया। कार्यशाला के तीसरे और अन्तिम दिन शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार और अध्यक्ष संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर प्रेम कुमार मलिक ने दरभंगा घराने की चारों पट की गायकी को प्रस्तुत किया। उन्होंने ध्रुपद अंग में चारों प्रकार की आलाप चारी करते हुए उसकी बंदिश की लयकारियों को प्रदर्शित किया, साथ ही धमार, खयाल, ठुमरी आदि शैलियों की अनोखी प्रस्तुतियां दीं। सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ रंजना त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत हमारी संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और इसे संरक्षित करना हमारा दायित्व है। कार्यशाला का संयोजन तथा संचालन डॉ नमिता यादव (एसोसिएट प्रोफेसर संगीत विभाग) ने और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या डॉ रंजना त्रिपाठी ने किया तथा समस्त तकनीकी कार्य देवांशी सिंह और साक्षी चतुर्वेदी ने पूरा किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्राओं सहित देश के अन्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से लगभग 500 लोग जुड़े हुए थे।

# गोरखपुर में कितने सोखा–ओझा, सबकी बनेगी कुंडली

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर ।पुलिस अब सोखा और ओझा पर न केवल नजर रखेगी बल्कि उनकी कुंडली तैयार करेगी। इसके लिए सभी थानों पर एक–एक सोखा रजिस्टर रखा जाएगा। बीट पुलिस अधिकारी और हल्का दरोगा सोखा–ओझा की गतिविधियों पर नजर रखेंगे ।पिपराइच में तंत्र–मंत्र के चक्कर में एक बालक की निर्मम हत्या किए जाने और जिले में एक अन्य बालक की बलि के लिए ही अपरण किए जाने की घटना को पुलिस ने काफी गंभीरता से लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. विपिन ताडा ने जिले के निरीक्षक व थाना प्रभारियों से कहा है कि सोखा–ओझा और तांत्रिकों के प्रकरण पहले भी प्रकाश में हैं जिन्होंने अंधविश्वास में पड़कर अपनी सिद्धि पूरी करने और शक्ति मिलने की चाह में मासूमों को क्षति पहुचाई है। जरूरी है कि सोखा–ओझा और तांत्रिकों पर नजर रखी जाए ।हाल ही पिपराइच में मासूम की हत्या के मामले में भी ऐसे ही सबूत मिले हैं। इसे लेकर एसएसपी ने गंभीरता दिखाते हुए जिले के निरीक्षकों और थानेदारों को निर्देशित किया है कि थानों में एक–एक सोखा रजिस्टर रखे जाएं जिनमें सोखा–ओझा का फोटो सहित रेकार्ड रखा जाए। उन्होंने कहा है कि ग्रामवार सोखा–ओझा की जानकारी कर उसकी तस्वीर भी चस्पा की जाए। बीट पुलिस अधिकारी लगातार सोखा–ओझा की मौजूदगी और उनकी गतिविधियों पर नजर रखें।

## जिला स्तरीय मासिक महाआरती हुई संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

हाटा कुशीनगर ।भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा कुशीनगर



की मासिक महाआरती पंडित जमुना प्रसाद गुजराती देवी इंटरमीडिएट कॉलेज हाटा में संपन्न हुई। जिसमे जिले भर के सैकड़ों मां भक्त उपस्थित होकर मां की ऊर्जा को प्राप्त किए। यह क्रम परमहंस योगीराज श्री शक्ति पुत्र महाराज के निर्देशन में हर जिले में महीने में एक बार जिलास्तरीय क्रम कराए जाते है। उसी कड़ी के साथ भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों के द्वारा गांव शहर में जाकर निस्वार्थ भाव से लोगो के घर में आरती, 5 घंटे के तथा 24 घंटे का क्रम समाज कल्याण के लिए किया जाता है ।इस संगठन का मूल उद्देश्य है, कराहती हुई मानवता की रक्षा,धर्म रक्षा तथा राष्ट्र रक्षा करते हुए समाज को तीन बुराइयां नशा, मांस तथा चरित्रहीनता दूर करना है। यह सब बाते भारतीय शक्ति चेतना पार्टी किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता उमेश सिंह जी के द्वारा बताया गया। इसी क्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष राणा प्रताप जी ने बताया कि आज देश में बहु बेटी सुरक्षित नहीं इसका मूल कारण नशा है नशामुक्त भारत होना चाहिए इसी कड़ी में संगठन के जिलाध्यक्ष अजय सिंह,जिला उपाध्यक्ष मनोज मद्धेशिया, जिला प्रवक्ता विनय सिंह, कमलेश सिंह ,विद्यासागर सिंह, मीरा राय,हेमंत मोदनवाल,राम आशीष विश्वकर्मा व अन्य मां भक्त उपस्थित रहे।

## ट्रक के अंदर छुपाकर रखा सौ बोरी विदेशी,मटर बरामद मौका देख चालक फरार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/नौतनवां ।तस्करों की हिमाकतदृसोनौली बॉर्डर पर



खुलेआम ट्रक से तस्करी,मटर सीज, चालक फरार भारतधनेपाल बार्डर पर तस्करों की हिमाकत इस कदर बढ़ गया है की नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देते हुए भारतीय ट्रक नेपाल से भारत में प्रवेश कर गया। और नेपाली सुरक्षा एजेंसियां चकमा खा गई। सोनौली के भारत द्वार से होकर नेपाल से भारततीय सीमा में आ रही एक ट्रक में छिपा कर लाया जा रहा विदेशी कनेडियन मटर जांच के दौरान कस्टम व एसएसबी की संयुक्त टीम ने पकड़ कर सीज कर दिया है ।खबरो के मुताबिक शनिवार की रात करीब 9 बजे एक भारतीय ट्रक यूपी०78 बीटी 3478 नेपाल से ट्रक खाली है यह कहते हुए सोनौली कस्टम बैरियर पर पहुच गया, जिस पर कस्टम की जांच में ट्रक के अंदर छिपाकर रखा गया ।सौ बोरी विदेशी मटर बरामद किया। जांच के दौरान मौका देख चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया ।कस्टम सुपरिटेंडेंट ने बताया कि वो सौ बोरी मटर एसएसबी और कस्टम की सयुक्त कार्यवाही में बरामद कर ट्रक समेत मटर को सीज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रबुद्ध वर्ग ही समाज के असली नेता हैः भाजपा जिला प्रभारी त्रयंबक तिवारी

## भाजपा द्वारा जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुआ प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

प्रमोद पाण्डेय/
दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर । दो दिवसीय दौरे पर जनपद पहुँचे भाजपा बलरामपुर के नवनियुक्त जिला प्रभारी त्रयंबक तिवारी ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित किया । भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 सितम्बर से 20 सितम्बर तक प्रदेश के सभी 403 विधानसभाओं में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें चिकित्सक, शिक्षक, वकील, साहित्यकार आदि प्रबुद्ध जनों को सम्मिलित किया जा रहा है । जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बोलते हुए जिला प्रभारी जिला प्रभारी ने कहा कि 2022 का चुनाव सामने है हम सभी प्रबुद्ध जनों की क्या भूमिका है जिसके लिए हमारी पहचान है उसके लिए हम कुछ करना चाहिए, अपना असली परिचय हमे नहीं भूलना चाहिए यदि हम विदेशी धरती पर जाते हैं तो हमारी पहचान एक भारतीय के रूप में होती है आप सभी प्रबुद्ध जन स्वयं में एक संस्थान है आप सभी को राष्ट्र निर्माण के बारे में सोचना चाहिए । भाजपा से जुड़े लाखों करोड़ों लोग भारत माता की जय के लिए कार्य करते है और इसीलिए लोग भाजपा को वोट देते हैं हमें 15 मिनट का समय राष्ट्र निर्माण में लगाना चाहिए । पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहते थे सिद्धांत हीन मतदाता सिद्धांत हीन सरकार का निर्माण करते है। जिला प्रभारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहते थे सिद्धांत हीन मतदाता सिद्धांत हीन सरकार का निर्माण करते है हममें से हर किसी प्रबुद्ध वर्ग को सरकार को गलत दिशा में जाने से बचाना है प्रदेश में परमार्थ की सरकार चाहिए या स्वार्थ की सरकार चाहिए यह आपको तय करना है । जिला प्रभारी त्रयंबक तिवारी ने सरकारी की विभिन्न योजनाओं के बारे कहते हुए कहा कि तीन तलाक, धारा 370, रामजन्मभूमि के फैसले के रूप अभूतपूर्व कार्य किया गया है वही प्रदेश में कई एक्सप्रेसवे का निर्माण, मेडिकल कॉलेज का निर्माण व सभी के लिए अनेक योजनाओं को चलाया जा रहा है । विधानसभा प्रभारी रंजन शर्मा ने मुख्य अतिथि व प्रबुद्ध जनों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी प्रबुद्ध जन देश की नीतियां बनाते हैं और आप सभी समाज के महत्वपूर्ण अंग है। सदर विधायक पल्टूराम ने सभी का स्वागत करते हुए कि 1997 के बाद बलरामपुर के विकास के बारे में किसी ने नहीं सोचा प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद जनपद का विकास शुरू हुआ यह आप सभी प्रबुद्धजन जानते हैं । जनपद के सभी सड़कों का हाल पहले की सरकार में कैसा था और आज कैसा है यह विपक्ष को देखना चाहिये । जनपद में आज मेडिकल कॉलेज का निर्माण चल रहा है विद्युत की स्थिति में सुधार हुआ है । भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने आये हुए सभी मुख्य अतिथियों व प्रबुद्ध जनों के प्रति आभार प्रकट किया । इससे पूर्व जनपद आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला प्रभारी का स्वागत किया । जिला प्रभारी ने देवीपाटन मंदिर पहुँच कर माँ पाटेश्वरी का आशीर्वाद भी लिया । उक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, विधानसभा प्रभारी डॉ रंजन शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, सदर विधायक पल्टूराम क्षेत्रीय सह संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ अविनाश मिश्रा, श्री रामजन्मभूमि मंदिर के पक्षदार राजेन्द्र सिंह, कार्यक्रम संयोजक डॉ तुलसीश दूबे, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक अभय निर्भीक, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह, गेल्हापुर महंत बृजानंद महाराज, महंत संतराम, एमडी एस एस सी ग्रुप धीरेंद्र प्रताप सिंह श्धीरुश, अम्बिका मिश्रा, डा. प्रमोद श्रीवास्तव, एडवोकेट विजय त्रिपाठी, गौरव पांडे, नरेंद्र पांडे, सहित तमाम शिक्षक, एडवोकेट, डाक्टर व प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे ।



# महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अन्तर्गत हुआ स्वच्छता अभियान व चार्ट प्रतियोगिता का वृहद आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में मिशन शक्ति के संयोजक डॉक्टर संतोष कुमार सैनी व मिशन शक्ति टीम के सभी सदस्यों डॉ रंजीत सिंह,डॉ विभा पाण्डेय,डॉ बीना यादव के द्वारा मिशन शक्ति के तृतीय चरण में होने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाते हुए शनिवार की देर सायं महाविद्यालय में स्थित मां सरस्वती मंदिर एवं उसके सामने के प्रांगण की साफ–सफाई करा कर उसे स्वच्छ एवं सुंदर बनाया गया उसके तत्पश्चात महाविद्यालय के नवीन भवन एमएससी प्राणी विज्ञान कक्ष में ष्महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षाष् विषय पर एक पोस्टर चार्ट प्रतियोगिता का वृहद आयोजन कराया गया,जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाली चार–चार छात्राओं को एक ग्रुप में रखते हुए,दुर्गा,काली, सरस्वती, वैष्णावी, गंगा,सावित्री,रानी लक्ष्मी बाई इत्यादि ग्रुप बनाए गए थे। सभी ग्रुपों की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक पोस्टर,चार्ट बनाए। उन सभी के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।देर सायं को निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम में दुर्गा ग्रुप की छात्राओं हर्षिता पाण्डेय अंशिका भारती, आंचल,शिवानी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,वही वैष्णवी ग्रुप की गरिमा सिंह ,प्रज्ञा मिश्रा, खुशी अग्रवाल,आशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप से सुनीता सिंह, रुचि कुमारी,सरस्वती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार जी ने उपरोक्त पोस्टर व चार्ट प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को बधाई देते हुए बताया की यह प्रतियोगिताएं हमारे व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं तथा हमारे अंदर एक नवीन ऊर्जा का संचार करती हैं साथ ही हमें विकास के पथ पर आगे ले जाने के प्रेरित करती हैं।



निर्णायक मंडल में डॉ संतोष कुमार सैनी,डॉ रंजीत सिंह ,डॉ विभा पाण्डेय,डॉ बीना यादव , डॉ महीप कुमार के साथ–साथ महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राधाकांत पाण्डेय डॉ विकास कुमार,डॉ विजय प्रताप यादव,डॉ नीरज सिंह तथा कर्मचारी गण में प्रमोद कुमार केसरी,विकास कुमार मौर्य ,महेश कुमार पाण्डेय एवं रेंजर्स,एनएसएस,एनसीसी सहित महाविद्यालय की तमाम छात्राएं उपस्थित रहें।

## राज्य महिला आयोग का 15 सितंबर को जनपद में होगा आगमन

प्रमोद पाण्डेय/दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र ने बताया कि माननीय सदस्या राज्य महिला आयोग श्रीमती सुनीता बंसल जी द्वारा दिनांक 15 सितंबर को जनपद के एकदिवसीय भ्रमण के दौरान मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा। माननीय सदस्या द्वारा पोषण पंचायत कार्यक्रम में कुपोषित महिलाओं व बच्चों के लिए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं एवं पोषण अभियान के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा स्थानीय खाद्य पदार्थों एवं पौष्टिक भोजन के संबंध में जागरूक करते हुए अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण किया जाएगा।इसके उपरांत माननीय सदस्या द्वारा महिला उत्पीड़न के रोकथाम एवं महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से जनसुनवाई किया जाएगा।

# ब्राह्मण प्रतिनिधि सम्मेलन का हुआ आयोजन



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा की ओर से रविवार को रावटसगंज स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में ब्राह्मण प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष भृगुवंशी आशुतोष पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि डॉ विनोद तिवारी पूर्व स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश अध्यक्ष प्रतीक त्रिपाठी रहे।जिले भर से आए सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में राष्ट्रीय महामंत्री पूर्व मंत्री विनोद तिवारी जी ने कहा कि लोग इस भ्रम में हैं कि ब्राह्मण समाज में सब सुखी और सम्पन्न हैं। जबकि स्थिति इससे उलट है। बड़ी संख्या में ऐसे ब्राह्मण परिवार हैं जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। उन्हें सवर्ण होने के चलते शिक्षा व रोजगार के उचित अवसर नहीं मिल रहे। यहां तक कि समाज में उचित सम्मान भी नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि सरकार को ब्राह्मणों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के लिए ही इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशुतोष पाण्डेय ने यहां कहा कि संगठन उन्हें कमियां और अपनी मांगें बताए और वह उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह तक पहुंचाएंगे। साथ ही ब्राह्मणों के उत्थान के लिए अपनी ओर से आर्थिक मदद भी करेंगे। सम्मेलन में केन्द्र सरकार द्वारा सवर्णों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का स्वागत भी किया साथ यह मांग भी उठी कि इसमें थोड़े और सुधार की जरूरत है। अगर ऐसा हो पाया तो बेरोजगारी में कमी जरूर आ जाएगी। सम्मेलन में आए पदाधिकारियों का यह भी कहना था कि प्रदेश में अपराधों का शिकार हो रहे ब्राह्मणों को उचित न्याय नहीं मिल रहा। वहीं अन्य जातियों के लिए कानून में अलग से प्राविधान है। इसमें बदलाव होना चाहिए ।इस मौके परसाथ ही संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा संध्या त्रिपाठी सुमन मिश्रा प्रदेश संघठन मंत्री पंडित नीरज देव पांडेय, क्षेत्रीय महामंत्री सर्वेश पाठक जी कार्यक्रम संयोजक अमित पांडेय (कार्यक्रम प्रभारी)जिलाध्यक्ष विजय शंकर पाण्डेय शिवम पांडेय, अमित पांडेय , जिला मिडिया प्रभारी कमलेश पाण्डेय राकेश पाण्डेय, विकाश पांडेय दुबे समेत अन्य लोग उपस्थित रहे, मंच का संचालन जिला संरक्षक ओमप्रकाश दुबे ने किया।

# युवाओं के बीच स्वाधीनता सेनानियों के त्याग की चर्चा होनी चाहिएःहरिशंकर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सलखन के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिवनाथ प्रसाद गोंड़, शंकर प्रसाद गोंड़ और भागवत प्रसाद दुबे की स्मृति में रविवार को आयोजित समारोह में सेनानी परिजनों को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम समारोह के मुख्य अतिथि हरिशंकर शुक्ल, अध्यक्षता कर रहे रमेश सिंह गोंड़ व विशिष्ट अतिथि विजय शंकर चतुर्वेदी व सनोज तिवारी सहित गणमान्य नागरिकों ने सेनानियों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।मुख्य अतिथि हरिशंकर शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि उनके पैंतालीस वर्षों के कार्यकाल की यह सबसे सफल गोष्ठी है क्योंकि इस गोष्ठी में सेनानियों के स्मरण के साथ साथ सलखन क्षेत्र की खूबियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बच्चों और किशोरों के बीच इन सेनानियों के त्याग की चर्चा होनी चाहिए ताकि वे इससे प्रेरणा ले सकें।वही विशिष्ट अतिथि विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा कि सलखन के तीन सेनानियों का बलिदान स्तुत्य है, जिन्होंने नर सिर्फ देश को स्वतंत्र कराने में अपनी भूमिका निभाई बल्कि विद्यालय और अस्पताल के लिए निशुल्क भूमि दान कर सामाजिक विकास की बुनियाद रखी। उन्होंने आगे कहा कि यहां के स्वाधीनता सेनानियों का त्याग स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा। सनोज तिवारी ने सेनानियों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शंकर प्रसाद गोंड़, शिवनाथ प्रसाद और भागवत प्रसाद दुबे के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इन्होंने देश को आजाद कराने में काफी यात्राएं सही जिसे देश का हर एक नौजवान सदैव याद करेगा। संगोष्ठी में गुलाब प्रसाद चन्द्रा और आरडी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। ओम प्रकाश गोंड़ व प्रधानपति अरविंद सिंह गोंड़ तथा सेनानी परिजन अमरेश चन्द्र दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन उदयधर दुबे ने किया। इस अवसर पर सेनानी परिजन अजीत शुक्ला व दीवा के अमरेश प्रसाद , कोमल प्रसाद गोंड़ , राकेश गोंड़ सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।अरविंद सिंह गोंड़ ने सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।



## समाजवादी पार्टी छात्रसभा जिलाउपाध्यक्ष अक्षय श्रीवास्तव को बनाया गया

प्रमोद पाण्डेय/दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। अक्षय श्रीवास्तव को समाजवादी पार्टी छात्रसभा



का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया,एवं मा0 डॉ एस0 पी0 यादव जी ने मनोनयन पत्र देकर बधाई व शुभकामनाएं दीं ।अक्षय श्रीवास्तव ने कहा मैं आभार व्यक्त करता हूं , राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, अखिलेश यादव का , प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा, दिग्विजय सिंह देव जी , जिला अध्यक्ष बलरामपुर परशुराम वर्मा का माननीय जिला अध्यक्ष छात्र सभा बलरामपुर, अशोक पटेल , पूर्व विधायक समेत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद देता हूँ।अक्षय श्रीवास्तव ने कहाँ कि आने वाले आगामी2022 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेंगी।

# हमारी सरकार ने कभी आम जन को बांटने का कार्य नहीं किया: पूर्व विधायक मुन्ना सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/नौतनवां। आदर्श नगर पंचायत सोनौली वार्ड नं० 09सुभाष नगर में आज जन सम्पर्क कर्यक्रम में सपा पूर्व विधायक कुँवर कौशल उर्फ मुन्ना सिंह का सुबह आगमन हुआ।उनका स्वागत वार्ड के वर्तमान सभासद करम हुसैन ने माल्यार्पण कर किया।सपा पूर्व विधायक ने सब का कुशल–छेम जाना। उसके उपरांत उन्हों ने कहा कि वर्तमान सरकार में किसान,नौजवान बढ़ती हुई महंगाई से परेशान है।युवा बेरोजगार होते जा रहे हैं।आगे उन्होंने कहा लोगो से की जब उनकी सरकार थी तब व्यवस्था कैसी थी और आज कैसी है। हमारी सरकार ने कभी आम जन को बांटने का कार्य नही किया जब कि यह सरकार निरंतर लोगो को जाती के नाम पर बाटने का कार्य कर रही है।मुख्य रूप से इस जन सम्पर्क में वार्ड के सभासद करम हुसैन,राजेन्द्र विश्वकर्मा,राममिलन, कमलापति जयसवाल,मुबारक हुसैन,गफ्फार राजेश मिश्र,दीनानाथ वर्मा फिरोज,शाह आलम,नंदलाल चौहान, कन्हैया पासवान, अल्लाउद्दीन, रसीद,अख्तर हुसैन, नियमुद्दीन,बृजेश यादव,जोखन यादव,इन्द्राज गौंड,मनोज चौहान, जितेन्द्र यादव,अष्टभुजा मिश्र,चन्द्रिका शर्मा,सफी मोहम्मद, वीरेन्द्र यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।सपा पूर्व विधायक के जाने के उपरांत सभासद ने कहा कि सैकड़ों लोगों को देख पूर्व विधायक बहुत खुश हुये और कहा है की सभासद जी यदि सरकार बनी तो हम आप के वार्ड को इस स्नेह प्रेम को सूद समेत वापस लौटाते हुए इस वार्ड को मॉडल वार्ड बनाऊंगा।



# बाढ़ के पानी से बढ़ी दुश्वारियां, रोहुअवा नाले में घुसकर आते जाते है लोग

दैनिक बुद्ध का संदेश

कुशीनगर।खड्डा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों से गंडक नदी का पानी तो निकल गया है, लेकिन रोहुअवा नाले में पानी अभी भी बरकरार है। राहगीरों के आवागमन के लिए इस नाले पर ह्यूम पाइप डालकर बनाया गया वैकल्पिक रास्ता क्षतिग्रस्त होने से लोगों को पानी में घुसकर नाले को पार करना पड़ रहा है। ऐसी दशा में बाइक और चार पहिया वाहन फंस जा रहे हैं। दूसरे रास्तों से आने–जाने के लिए लोगों को बिहार के रास्ते होकर करीब 30 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ रहा है या फिर जान जोखिम में डालकर नाव से नाला पार करना पड़ रहा है। खेती के लिए नाले की दूसरी तरफ आने–जाने में किसानों को भी परेशान होना पड़ रहा है। खड्डा ब्लॉक के गंडक नदी के उस पार बसे बाढ़ प्रभावित गांव हरिहरपुर, नरायनपुर, शिवपुर, मरचहवा जाने के लिए साल के चार महीने लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। तहसील मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इन गांवों में जाने के लिए सुदूर जंगल के रास्ते दो जनपद ही नहीं, बल्कि दो राज्यों की दूरियां भी तय करना पड़ता हैं। ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय खड्डा आने के लिए लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। वह गांव से पहले बिहार के नौरंगिया पहुंचते हैं, जहां नाव से जान जोखिम में डालकर रोहुअवा नाला पार करने के बाद महराजगंज जनपद के सोहगीबरवा होते हुए 10 से 12 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने गांव पहुंचते हैं। बाढ़ आने के बाद यह भी रास्ता भी कष्टदायक हो जाता है। इस बार की बाढ़ में नौरंगिया–सोहगीबरवा मार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। कई सड़क अनेको जगह टूटकर गड्ढे में तब्दील हो चुकी हैं।रेता क्षेत्रवासियों की परेशानी को देखते हुए खड्डा विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने गंडक नदी में भैसहां के सामने पीपा पुल लगाने की मांग की थी, जिस पर प्रदेश सरकार ने 2018 में पीपा पुल लगाने की स्वीकृति दे दी थी। पुल तो लग गया, लेकिन बरसात के समय में जब गंडक नदी उफान पर आती है, तो पुल हटा दिया जाता है। ग्रामीणों की मांग है कि पक्का पुल का निर्माण हो जाए तो 30 किलोमीटर की दूरी महज 10 किलोमीटर में सिमट जाएगी। इस बाबत खड्डा विधायक जटाशंकर त्रिपाठी का कहना है कि गंडक नदी पर पक्के पुल की कवायद चल रही है।

हमारे मांगपत्र पर बीते दिनों विभाग के अधिकारियों द्वारा सर्वे करके शासन को रिपोर्ट भेजी गई है। जल्द ही क्षेत्र के लोगों को बड़ी सौगात मिलेगी।



### बरसात के मौसम में गांव बन जाता है टापू

*शिवपुर गांव निवासी आनंद कुशवाहा ने बताया कि साल के आठ महीने तो पीपा पुल के रास्ते आवागमन होता है, लेकिन बरसात के मौसम में गांव पूरी तरीके से टापू बन जाता है। राकेश गुप्ता ने बताया कि इस बार की बाढ़ में गांव से पीपे के पुल को जोड़ने वाला रास्ता बह गया। गांव पूरी तरह से टापू बना हुआ है। रास्ता नहीं होने के कारण दुकानदार बाजार से सामान गांव में नहीं ला रहे हैं, जिससे रोजमर्रा की चीजें गांवों में नहीं मिल पा रही हैं। पक्का पुल बना जाता तो इस क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से तो नही, लेकिन आवागमन में काफी हद तक राहत मिलती। सचिंद्र सिंह ने बताया कि वर्षो से बाढ़ आ रही है, लेकिन अभी तक बचाव कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की ओर से कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया। हर वर्ष की बरसात के महीने में जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। सद्दाम हुसैन ने बताया कि इस बार की बाढ़ में खूब क्षति हुई है। गांव को जोड़ने वाले सभी रास्ते बह गए हैं। सुरक्षित आवागमन के लिए पक्का पुल का निर्माण कार्य करवाना अति आवश्यक बना हुआ है।*

## ग्यारह हजार हाई टेंशन तार की चपेट में आने से हाइवा ट्रक में लगी आग, चालक झुलसा

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा,सोनभद्र।करमा थाना क्षेत्र के करमा इमलीपुर मार्ग




जुड़वरिया गांव के समीप सड़क निर्माण के लिए भुनी हुई गिट्टी लेकर जा रही हाइवा ट्रक 11 हजार वोल्ट विद्युत तार के चपेट में आ गयी जिससे ट्रक धू धू कर जलने लगी और ट्रक चालक मनोज बिंद पुत्र संतोष बिंद निवासी दौलताबाद थाना अदलहाट जनपद मिर्जापुर झुलस गया। सूचना पर एसएसआई विनोद कुमार यादव मय फोर्स घटना स्थल पर पहुँच घायल चालक का प्राथमिक उपचार कराकर 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेज दिया और अग्रिम कार्यवाही में जुट गए। ग्रामीणों ने बताया कि दमकल कर्मियों के पहुंचने से पूर्व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया था।

# क्लाथ हाउस और ज्वैलर्स की दुकान में चोरों ने बोला धावा

सीतापुर। थाना नैमिषारण्य के अटवा बाजार मे ..रात अज्ञात चोरों ने अब्दुल हसीब पुत्र शमसुददुहा उर्फ भोला की भोला क्लाथ हाउस एवं अब्दुल हसीब ज्वैलर्स की दुकान अटवा बाजार में दुकान के मेन गेट का ताला तोड़कर कपड़ा जेवर सहित लग भग सवा किलो चांदी की पायल, बिछिया करीब 15 हजार रुपए गिलट के जेवर एवं 12 हजार रुपए की नगदी चुराकर चंपत हो गए। सुबह आसपास के लोगों ने पीड़ित दुकानदार को ताला टूटे होने की सूचना दी। तो पीड़ित ने आकर देखा उपरोक्त सामान दुकान से गायब मिला। घटना की सूचना पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गई। इतनी लंबी चोरी की सूचना पाकर नैमिषारण्य पुलिस के हाथ पांव फूल गए। थाना प्रभारी ने क्षेत्राधिकारी को भी घटना के संबंध में अवगत कराया। जिस पर आनन.फानन में वह भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल करके अग्रिम कार्यवाही करनी शुरू कर दी। थाना अध्यक्ष नैमिषारण्य विनोद मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। खुलासे का प्रयास किया जा रहा है ज्ञातव्य हो कि 1 वर्ष पूर्व भी इसी दुकान में लग भग 2 लाख रुपए की संपत्ति अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। तब अटवा बाजार मिश्रित कोतवाली के अंतर्गत आती थी। इस घटना की रिपोर्ट मिश्रित कोतवाली में पंजीकृत हुई थी और खुलासा करके आरोपी जेल भेजे गए थे, रात अज्ञात चोरों ने उपरोक्त घटना को पुनः दूसरी बार अंजाम दे डाला है। मांमले में पुलिस क्या गुल खिलाएगी आगामी समय के साथ ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलवक्त भरी बाजार में घटित हुई उपरोक्त चोरी की भारी.भरकम घटना से लोगों में सनसनी फैल गई है। गौरतलब तो यह भी है। कि इसी दुकान के सामने आटवा बाजार में प्रत्येक रात पुलिस पिकेट ड्यूटी भी तैनात रहती है। फिर भी चोरी की भारी.भरकम घटना का घटित हो जाना पुलिस की पिकेट ड्यूटी पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। आखिर घटना के समय पिकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी कहां गए थे।

# नीति पर चलने वाले को करना पड़ता है कठिनाइयों का सामना: चिदम्बरानंद सरस्वती

सीतापुर। ब्रह्मविज्ञान पीठ नैमिषारण्य तीर्थ में 8 सितंबर से चल रही साथ दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन महामंडलेश्वर चिदम्बरानंद सरस्वती ने राजा मनु और सतरूपा के वंश का वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने ध्रुव चरित्र, श्री रामचरित व कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। चतुर्थ दिवस पर महाराज श्री ने ध्रुव चरित का विस्तार पूर्वक वर्णन भक्तों को करवाया। महामंडलेश्वर ने कहा कि संसार में नीति पर चलने वाले व्यक्ति को कठिनाई का सामना करना पड़ता है किंतु उसे ईश्वर की विशेष कृपा प्राप्त होती है किंतु रुचि को ही जीवन आधार बनाने वाला अंत में दुख को ही प्राप्त होता है। समुद्रमंथन के दौरान जबठ देवता अमृत ले जा रहे थे तब इंद्रदेव ने बाली को मार दिया था जिसको शुक्राचार्य ने पुनः अपन मन्त्रो से जीवित कर दिया। युद्ध में पराजित होने के चलते राजा बली ने देवताओं से द्वेष हो गया और देवताओं को पराजित करने के उसने विराट यज्ञ किया। इंद्रदेव देवमाता अदिति के पास सहायता के लिए गए और उन्हें सारी बात बताई। देवमाता ने बिष्णु भगवान से वरदान माँगा कि वे उनके पुत्र के रूप में धरती पर जन्म लेकर बाली का विनाश करें। जल्द ही अदिति और ऋषि कश्यप के यहाँ एक सुंदर बौने पुत्र ने जन्म लिया। पांच वर्ष का होते ही वामन का जनेऊ समारोह आयोजित कर उसे गुरुकुल भेज दिया। अंतिम अश्वमेध यज्ञ समाप्त होने ही वाला था कि तभी दरबार में दिव्य बालक वामन पहुँच गया तीन पग में ही सारी भूमि नाप ली। इसके बाद कथाव्यास ने देवासुर संग्राम, वामन चरित्र, श्रीराम जन्म की कथा सुनाई।

## मृदुता का भाव ही मार्दवपना

सीतापुर। मृदुता का भाव ही मार्दवपना है। मिट्टी जितनी मृदु होती है। वह उतना ही आनंद दिया करती है। अगर मिट्टी मृदु है तो कुम्हार उसे कोई भी सुंदर आकार दे सकता है, लेकिन यदि मिट्टी अपनी कठोरता को न छोड़े तो मिट्टी को कभी भी कोई सुंदर स्वरूप नहीं मिल सकता है। जीवन में अहंकार ही पतन का कारण है। उक्त विचार राष्ट्रगौरव भावलिंगी संत श्री विमर्श सागर जी ने महमूदाबाद स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में प्रर्यूषण पर्व के अवसर पर दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की महत्ता बताते हुए जैन समाज के लोगों को संबोधित हुए करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मंदिर अभिमान को जीतने के साधन है। पारिवारिक जीवन में शांति चाहिए तो आप को झुकने की कला आनी चाहिए। रावण अगर थोड़ा सा झुक जाता तो शायद रामायण न होती। मैं का भाव आत्मा में जब आता है आत्मा का पतन प्रारंभ हो जाता है। मार्दव धर्म कोमल बनाने की कला सिखाता है। जीवन में धर्म का शुभारंभ तब तक नहीं होता जब तक मार्दव धर्म नहीं आता। इस अवसर पर शैलेश जैन, चंद्र कुमार जैन, प्रवीण जैन, प्रभात जैन, राजकुमार जैन, आदिश्वर जैन, मनोरंजन जैन, राजेश जैन, योगेश जैन, प्रणय जैन, विकास जैन सहित बड़ी संख्या जैन समाज के महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

# भरखनी व हरपालपुर में पाल समाज का कार्यकर्ता सम्मेलन,सपा के वरिष्ठ नेताओं ने की शिरकत

## सुभाष पाल पर फर्जी मुकदमा व जिला बदर कर पाल समाज लेगा बदला: पम्मू यादव

हरदोई। 154 सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र में पाल समाज के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन भरखनी व हरपालपुर में आयोजित किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल रहे।

पाल समाज के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए त्रिवेणी प्रसाद पाल ने कहा कि प्रदेश व देश की अत्याचारी भाजपा सरकार ने पिछड़े के साथ हमेशा छल कपट किया है हमारा वोट तो जादुई वादे करके लिया पर जीतने पर बेवकूफ बनाया। उनकी नीति हमेशा पिछड़ो का दमन करने की रही है। हमारे समाज की शिक्षा,रोजगार व स्वास्थ्य सेवाओं से बदहाल रखा है इसलिए हमारे समाज को अब एकजुटता दिखाकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में लामबंद हो जाना चाहिए, हमारी उन्नति अब अखिलेश यादव द्वारा संभव है।

कार्यक्रम के आयोजक व सवायजपुर विधानसभा से सपा प्रत्याशी रहे पम्मू यादव ने कहा,भाजपा द्वारा पिछड़े वर्ग के नेताओं के दमन व उत्पीड़न का सबसे बड़ा उदाहरण सुभाष पाल हैं, जिन पर दर्जनों फर्जी मुकदमें लिखकर अपराधी घोषित कर,जिला बदर कर दिया ताकि वे विधानसभा चुनाव तक न लड़ सकें,क्योंकि उनकी लोकप्रियता व प्रयासों से पूरे जनपद का पाल समाज सपा के पक्ष में लामबंद हो रहा था, जिसका बदला सिर्फ आप लोग सपा सरकार बनाकर दे सकते हैं।

कार्यक्रम में मौजूद सुभाष पाल के पुत्र सुशांत पाल ने अपने समाज से अनुरोध करते हुए कहा कि इस अत्याचारी भाजपा सरकार ने मेरे पिता व परिवार पर जुल्मों की इंतिहा पार कर दी, घर से बेघर कर दिया, मकान जब्त कर लिया,खेती जब्त कर ली,व्यापारिक प्रतिष्ठान छीन लिये। आज मेरा पूरा परिवार दूसरे जिले में किराये के घर में रह रहा है।अब केवल समाजवादी सरकार व अखिलेश यादव हैं जो मेरे परिवार का खोया सम्मान वापस दिला सकते हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद सपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा जीतू जी ने पूर्ववर्ती सपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि पिछड़े वर्ग का सम्मान केवल और मात्र केवल समाजवादी पार्टी में है।

सभा की अध्यक्षता क्रमशः हरपालपुर में मानसिंह पाल व भरखनी में जागेश्वर पाल सजिप ने की। सम्मेलन को मुख्य रूप से इंजीनियर अनिल पाल पुत्र विजय बहादुर पाल पूर्व मंत्री ने भी संबोधित किया। सम्मेलनों में मुख्य रूप से यदुनंदन लाल वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जगमोहन राजपूत, ब्लॉक प्रमुख हरपालपुर अनोखेलाल कश्यप,जिला उपाध्यक्ष रहमत अली मोनू, रजनीश पाल, सुदेश पाल, रामतीर्थ पाल,नर सिंह पाल प्रधान,राजकुमार पाल,राम निवास पाल, लालू पाल, महावीर पाल, गिरीश पाल,मुंदर पाल, राजेन्द्र पाल,सोनपाल, आदित्य पाल, अमर सिंह पाल पूर्व प्रधान आदि हजारों की संख्या में पाल समाज के प्रमुखऋप्रमुख व्यक्ति व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश पाल ने किया।

## हर अपराध के लिए सरकार गंभीर

सीतापुर। महिलाओं पर दहेज, लैंगिंग हिंसा को रोंकने के लिए सरकार काफी गंभीर है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगभग प्रत्येक थाने में महिला हेल्प लाइन के साथ 1090 हेल्प लाइन चल रही हैं। यह बात राजकीय महाविद्यालय में मिशन शक्ति तृतीय चरण चरण के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला आरक्षी सीमा गौड़ ने कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं को किसी भी अवसर पर डरने की आवश्यता नहीं है। कस्बा इंचार्ज संदीप तिवारी ने भी विस्तार से बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्य डा. विपिन शुक्ल ने पुलिस जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आरक्षी उज्ज्वल तोमर, डा. लक्ष्मी देवी सहित सभी प्रवक्ता व छात्र–छात्राएं मौजूद रहीं।

## वक्फ की जमीनों पर निर्माण कार्य की जांच डीएम उन्नाव को

सीतापुर। नगर पंचायत हरगांव की बेश कीमती वक्फ की भूमियों पर कराये जा रहे निर्माण कार्यों को गंभीरता से लेते हुये निदेशक स्थानीय निकाय उ.प्र. ने जांच जिलाधिकारी उन्नाव को सौंपी है उल्लेखनीय है कि गत 24 अक्टूबर 2020 को एक शिकायत कर्ता ने सीएम को लिखित शिकायत की थी कि नगर पंचायत गठन के पश्चात पहली बार बडे पैमाने पर आलाताला (वक्फ) की भूमि (संपत्तियों) पर गुपचुप तरीके से दाखिल खारिज भी किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। पूरे प्रकरण की जांच जिलाधिकारी उन्नाव को सौपी दी है।

## भाजपा में भाई भतीजा वाद नहीं है: रामजीवन

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला कार्य समिति की एक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष रामजीवन जायसवाल की अध्यक्षता में नेहरू हाल में किया गया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकरिणी के समस्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री रामशंकर राजपूत ने संगठन कार्यकारिणी की सराहना करते हुए संघे शक्ति कलयुगे की विचारधारा पर काम करने की बात कहते हुए 2022 के चुनावों पुनः भाजपा सरकार बनाने की अपील की उन्होंने कहा कि आपकी संगठनात्मक संरचना और एकजुटता के बलबूते ही हमने 2017 के प्रदेश और वर्ष 2014 में देश मे भाजपा की सरकार बनी। उन्होंने पिछड़े वर्ग की समस्याओं और उनकी पीड़ा को समझने और उन्हें न्याय और सम्मान दिलाने की अपील की उन्होंने संगठन के लोगो से पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ाने और उसके इतिहास को गौर करने की बात कही। रामजीवन जायसवाल ने कहा कि समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हमारे भाई है उन्होंने समस्त पदाधिकारियों का परिचय कराया और सम्मानित किया। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री अशोक राठौर जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा हरीश पटेल डॉ महेश महेंद्र बंगाली रामसेवक यादव रिंकू रस्तोगी प्रेमदीप जायसवाल अजय यादव वेदप्रकाश जयसवाल पवन गिरी अमित जायसवाल माता प्रसाद रमेश गुप्ता दिनेश लाल धनपाल लोधी हरिमोहन वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## शाहाबाद ब्लॉक परिसर में अखिल भारतीय प्रधान संगठन की हुई बैठक

हरदोई। ब्लॉक परिसर शाहाबाद में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक यादव ने कहा कि प्रधान व उसके अधिकारों के लिए संगठन हर तरह से खड़ा है,उन्होंने सभा की मुख्य अतिथि भाजपा की क्षेत्रीय विधायक रजनी तिवारी से मांग कि जिसमें प्रमुख रूप से प्रधानों का मानदेय बढ़ाने और पंचायतों को और सशक्त करने के लिए प्रदेश की विधानसभा में बात रखने की बात कही। भाजपा विधायक ने कहा कि मोदी जी व योगी जी की सरकार में गाँवो के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई गई हैं जिससे पंचायतें सशक्त हुई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया जो भी प्रधानो की जायज मांगे होंगी, उन्हें वह उच्च स्थार पर रखेंगी, जिससे गाँवो की सरकार और सशक्त हो सके।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि प्रधान सबसे अच्छा कार्य करते हैं कोई भी एजेंसी प्रधानो से अच्छा कार्य नही करती, फिर भी प्रधानो का कई बार अधिकारियों द्वारा उत्पीडन किया जाता है। अवध प्रान्त के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह उर्फ उमा सिंह ने कहा कि संगठन जिस तरह से प्रधानों के साथ खड़ा है, प्रधानों को भी संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना पड़ेगा, तभी ग्राम पंचायतें सशक्त होगी।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने शाहाबाद ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण सिंह प्रधान चंदूपुर खैराई को मनोनीत किया गया व लालाराम राजपूत को ब्लॉक का संरक्षक वहीं महासचिव कमल किशोर ,प्रधान सिकंदरपुर नरकतरा सचिव उपेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष कप्तान सिंह राजपूत ग्राम दौलतपुर, कोषाध्यक्ष रामपाल ग्राम बूटामऊ, संगठन मंत्री दुर्वेश राजपूत, ग्राम हरौली कुतुबनगर मीडिया प्रभारी निरंकार मिश्रा को मनोनीत किया गया।इस अवसर पर रजत सिंह को ब्लॉक सुरसा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने घोषणा की वह प्रधानों के लिए अलग से एक कक्ष का निर्माण ब्लॉक परिसर में कराएंगे।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, गोविंद पाठक,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्यामू त्रिवेदी समेत , पुत्तने सिंह,सर्वेश सिंह,सुधीर सिंह,कमलेश सिंह,समेत सभी वर्तमान प्रधान व काफी संख्या में पूर्व प्रधान भी मौजूद रहे।

## त्रिविध दुखों से छूट कर मोक्ष को प्राप्त करना असंख्य दर्शन एक साधन: डॉ राजेश मिश्र

हरदोई।महर्षि कपिल द्वारा प्रणीत सांख्य दर्शन में छह अध्याय हैं और सूत्रों की संख्या ५२७ है। इस दर्शन का उद्देश्य प्रकृति और पुरुष की विवेचना करके उनके पृथक पृथक स्वरूप को दिखलाना है, जिससे जिज्ञासु व्यक्ति बन्धन के मूल कारण अविवेक को नष्ट करके त्रिविध दुखों से छूट कर मोक्ष को प्राप्त कर सके। शहीद उद्यान स्थित कायाकल्प केन्द्र में प्रारम्भ हुई सांख्य दर्शन की कक्षा लगभग डेढ़ माह तक हवनोपरान्त नित्य प्रातः ७ बजे से होगी। नेचरोपैथ डॉ राजेश मिश्र ने बताया इच्छुक व्यक्ति इसमें निःशुल्क प्रवेश ले सकते हैं।

## अचलगंज नगर पंचायत का नाम न बदले जाने की बनी सहमति

उन्नाव। शासन के द्वारा भेजी गई रिपोर्ट में अचलगंज नगर पंचायत का नाम बदले जाने के बाद अचलगंज के निवासियों के अंदर रोष था जिस पर जिलाधिकारी से मिलकर पूरे कस्बा के लोगों ने लिखित में ज्ञापन दिया उसके बाद हड़हा ग्राम सभा के लोगों ने स्नेही जी के नाम के पक्ष में होने पर जिलाधिकारी उन्नाव के आवास पर जाकर ज्ञापन दिया उस पर आज एडीएम उन्नाव राकेश सिंह एसडीएम अंकित शुक्ला सीओ बीघापुर अंजनी कुमार राय एवं वरिष्ठ जनों को बुला करके एक बैठक की गई जिस पर किसी भी प्रकार की घटना ना हो इस पर निर्णय निकला है किसी भी प्रकार का नगर पंचायत के नाम में किसी प्रकार की छेड़छाड़ या नाम में बदलाव नहीं किया जाएगा जिस पर हिंदू युवा वाहिनी से धीरेंद्र सिंह, मनीष अवस्थी सम्राट व्यापार मंडल अध्यक्ष जिला उन्नाव रजनीश श्रीवास्त,हड़हा से मुन्ना मिश्रा रमेश लोधी अचलगंज से संजय मिश्रा पंकज वर्मा आदि कई सैकड़ों लोग थाने पर उपस्थित रहे।

## वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 15000 वादों का निस्तारण

फिरोजाबाद। जनपद न्यायालय सभागार में .वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश संजीव फौजदार ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया। लोक अदालत में 15000 वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आपसी सुलह–समझौते के माध्यम से वादों को निस्तारित कराया जाता है। इतिहास में दर्ज है कि सदियों पहले जब अदालतें नहीं हुआ करती थी तब दो पक्षों के आपसी मतभेद को सुलह–समझौता के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्ति एक निर्धारित स्थल पर बैठकर दोनों पक्षों की बात सुनकर यह निर्णय करते थे कि दोनों पक्षों का हित किसमें हैं। इसी को देखते हुए सुलह–समझौता कराते थे और समाज में इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई पड़तें थे, दोनों पक्षों के मध्य आपसी क्लेष, मतभेद एवं दुर्भावना समाप्त हो जाती थी। उन्होने कहा कि लोक कल्याण के भावना से ओत–प्रोत उसी स्वरूप को उच्च न्यायालय व जनपद न्यायालय द्वारा विस्तार रूप देते हुए एक स्थल एक मंच पर बहुत सारे वादों को सुलह–समझौता के आधार पर समाप्त कराने के उद्देश्य से लोक अदालत आयोजित कराई जाती हैं, जिसमें दोनों पक्षों के हित के साथ सामाजिक प्रेम भावना भी समाहित हैं। अपर जिला जज व नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत आजाद सिंह ने कहा कि लोक अदालत की मूल भावना में समाहित है लोक कल्याण की भावना। सुलह समझौता के दौरान सभी का मान, सभी का सम्मान, सभी को न्याय मिले इसका ध्यान रखा जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत, समाधान का राष्ट्रीय पर्व है इसमें आकर शीघ्र, सुलभ व सक्षम न्याय, ऊर्जा व समय की बचत, आपसी भाईचारा से समझौता होता है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अंतिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लंबित मामलों से छुटकारा पाने का एक स्वर्णिम अवसर है। सिविल जज सीनियर डिवीजन व प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती मिनाक्षी सिन्हा ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन करते हुए बताया कि सस्ता सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय नागरिक का मौलिक अधिकार है। आज की लोक अदालत में कुल 15000 वाद निस्तारित करते हुये वादकारियों को लाभान्वित किया गया है। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी मोटरयान दुर्घटना अधिकरण, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, अपर जिला जज आलोक कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष बार एसोसिएशन महेन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक शहर मुकेश चंद्र मिश्र, उपजिलाधिकारी सदर राजेश कुमार व सभी न्यायिक अधिकारीगण सहित अधिवक्ता एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी कर्मचारी व वादकारी उपस्थित रहें।

## नगर पंचायत कछौना पर ई ओ रेणुका यादव ने की समीक्षा बैठक

हरदोई। नगर पंचायत कछौना कार्यालय पर कर्मचारियों के साथ अधिशासी अधिकारी सुश्री रेणुका यादव द्वारा मासिक समीक्षा बैठक की गई। जिसमें जलमूल्य, गृहकर, प्रकाश और सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण आदि के संबध में जानकारी प्राप्त की गई। अधिशासी अधिकारी द्वारा रोस्टर के अनुसार, नियमित रुप से सैनेटाइजेशन एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराए जानें के दिशा निर्देश दिए गए।इसके अतरिक्त निर्धारित मासिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली हेतु आदेश प्रदान किए गए। बैठक में रामजी,मुन्नूलाल मिश्र, रामनरेश,सिराज, राजकुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आटो में सफर करना पड़ा भारी, हजारों की नकदी गायब

फिरोजाबाद। ऑटो में सफर करना एक युवक को भारी पड़ा है। उसकी जेव में रखे हजारों रूपये किसी ने साफ कर दिये। पीड़ित ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस आटो चालक से पूछताछ कर रही है। थाना फरिहा क्षेत्र के गांव सुनाव निवासी अमित कुमार पुत्र रामप्रसाद अपने छोटे भाई अबधेश की पत्नी रूबी को लेकर कोटला चुंगी से आटो में सवार होकर जैन मंदिर तक आया था। बताया गया है कि जैसे ही उसने जैन मंदिर पर पैसे देने के लिये जेव में हाथ डाला तो वह हैरान रह गया। क्योंकि उसकी जेव में रखी 9,400 रूपये की नकदी गायव थी और जेव कटी थी। वह घबरा गया और उसने तत्काल इसकी सूचना यातायात पुलिस को दी। पुलिस ने आटो चालक को पकड लिया और पूछताछ के लिये उसे थाना उत्तर लेकर गयी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## पांचवे दिन भी कांग्रेस की निशुल्क रसोई से भोजन वितरण

फिरोजाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जनपद में डेंगू के प्रकोप से ग्रस्त लोगों की सहायता के लिए तथा उनके तीमारदारों के लिए जिला अस्पताल स्थित सौ सैया अस्पताल के पास आज पांचवे दिन निशुल्क रसोई लगवाई गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संदीप तिवारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर जिला अस्पताल स्थित सौ सैया अस्पताल के पास निशुल्क रसोई लगाई जा रही है जिसमें दोपहर का भोजन तथा शाम के भोजन की व्यवस्था होगी जो लोग डेंगू से ग्रस्त अपने परिजनों का इलाज करवाने के लिए अस्पताल में आ रहे हैं वहां पर उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा जो कि निशुल्क होगा। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा डेंगू ग्रस्त लोगों के लिए निशुल्क एंबुलेंसओ की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को पीड़ित लोगों की मदद के लिए हर संभव निर्देश जारी किए हैं। जनहित के कार्य जारी रहेंगे चाहे कुछ भी हो जाये हम जनविरोधी सरकार के आगे झुकेंगे नहीं और इसी प्रकार से जनसेवा करते रहेंगे।

इस मौके पर जिला प्रवक्ता मनोज भटेले, जिला उपाध्यक्ष कमलेश जैन, जिला महासचिव दुष्यंत धनगर, इंटक के जिलाध्यक्ष रामखिलाड़ी यादव बॉस, ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह जुरैल, ब्लॉक अध्यक्ष राम शंकर राजौरिया, राकेश यादव आदि लोग उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर,जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापक:– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादक:– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपर:– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# साजिद नाडियाडवाला ने कार्तिक की फिल्म में श्रद्धा की जगह कियारा आडवाणी को चुना?



Image instagrammed by kiaraaliaadvani

कार्तिक आर्यन मौजूदा दौर के बॉलीवुड के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं। हाल में खबरें सामने आई थीं कि श्रद्धा कपूर निर्देशक समीर विद्वांस की अगली फिल्म में पहली बार कार्तिक आर्यन के साथ काम करेंगी। इसके बाद पता चला था कि फिल्म में श्रद्धा की जगह कियारा आडवाणी को शामिल किया गया है। आइए आपको बताते हैं कि आखिर फिल्म में श्रद्धा की जगह अभिनेत्री कियारा को क्यों चुना गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, श्रद्धा द्वारा इस फिल्म के लिए भारी–भरकम फीस मांगी गई, जिसके बाद मेकर्स ने उन्हें कियारा के साथ रिप्लेस कर दिया। एक सूत्र ने कहा, साजिद फिल्म में कार्तिक के साथ श्रद्धा को लेने के लिए बहुत उत्सुक थे, क्योंकि इससे एक नई जोड़ी को पेश किया जाता। हालांकि, उन्हें आश्चर्य तब हुआ जब श्रद्धा ने इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए मेकर्स से 10 करोड़ रुपये की फीस मांगी। सूत्र ने बताया कि साजिद अपनी फिल्मों के कलाकारों से फीस से संबंधित कोई मोलभाव नहीं करते हैं। कहा जाता है कि श्रद्धा की डिमांड सुनकर साजिद हैरान हो गए थे। सूत्र का कहना है कि इससे पहले श्रद्धा ने साजिद की फिल्म बागी 3 के लिए 4 करोड़ रुपये की मामूली फीस पर काम किया था। श्रद्धा के ज्यादा फीस मांगने की वजह यह थी कि वह चालबाज इन लंदन और नागिन में फीमेल लीड किरदार निभा रही हैं।

खबरों की मानें तो साजिद को लगा कि श्रद्धा को इतनी फीस देने पर उनकी फिल्म का बजट बिगड़ जाएगा। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, साजिद ने श्रद्धा को 7.5 करोड़ रुपये का फाइनल ऑफर दिया लेकिन श्रद्धा और उनकी टीम 10 करोड़ रुपये की राशि पर ही टिकी रही। इसलिए साजिद ने श्रद्धा को कास्ट करने का विचार छोड़ दिया और कियारा को साइन किया। उन्हें साजिद ने करीब 3.5 करोड़ रुपये में साइन किया है।

फिल्म का शीर्षक सत्यनारायण की कथा रखा गया था। हालांकि, फिल्म के टाइटल को लेकर हुए विवाद के कारण मेकर्स जल्द ही फिल्म के नए नाम की घोषणा कर सकते हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल दिसंबर में शुरू होने की संभावना है। सूत्र ने बताया कि फिल्म में कार्तिक सत्या और कियारा कथा नामक कैरेक्टर को अदा करेंगी। यह फिल्म सत्या और कथा नामक कैरेक्टर की प्रेम कहानी होगी। समीर फिल्म से डायरेक्टोरियल डेब्यू करेंगे।

कार्तिक संजय लीला भंसाली की हीरा मंड़ी में नजर आ सकते हैं। वह अपनी फिल्म धमाका को लेकर सुर्खियों में हैं। वह लक्ष्मण उतेकर की लुका छुपी 2 में भी अभियन करते हुए नजर आएंगे। कियारा हाल ही में फिल्म शेरशाह में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आई हैं। वह फिल्म जुग जुग जियो में भी दिखेंगी। श्रद्धा इस साल अपनी फिल्म स्त्री 2 में नजर आ सकती हैं। फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव दिखेंगे।

## आज किसी पहचान के मोहताज नहीं वेधिका कुमार

इमरान हाशमी के साथ फिल्म द बॉडी से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अभिनेत्री वेधिका कुमार आज किसी पहचान के



मोहताज नहीं है। बता दें कि वह हमेशा अपनी खूबसूरत तस्वीरों को लेकर इंटरनेट पर छाई रहती है कई बार अपनी बोल्ड तस्वीरों से वह इंटरनेट पर तहलका मचा चुकी है। हाल ही में उन्होंने कुछ तस्वीरें पोस्ट की है जिसमें वह समंदर किनारे बैकलेस अवतार दिखाते हुए नजर आ रही है और वह काफी हॉट लग रही है जो कि आप इन तस्वीरों में देखकर अंदाजा लगा सकते हो । आपको बता दें कि यह अभिनेत्री तमिल और तेलुगू भाषाओं की फिल्मों में ज्यादा काम करती है और उनको ज्यादा बॉलीवुड में काम नहीं मिल रहा है। विदिका का जन्म महाराष्ट्र की एक कन्नड़ फैमिली में हुआ। विदका ने किशोर नमित कपूर स्कूल से ऐक्टिंग की ट्रेनिंग ली है। फिल्मों में आने से पहले वेदिका मॉडलिंग में ऐक्टिव रही हैं। वेदिका ने तमिल फिल्म मद्रासी से फिल्मों में डेब्यू किया था। वेदिका कुमार ने तमिल के अलावा मलयालम, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम किया है। वेदिका ने अब तक लगभग 20 फिल्मों में काम किया है और द बॉडी उनकी पहली फिल्म है। वेदिका को फिल्म इंडस्ट्री में अपने बेहतरीन लुक के लिए जाना जाता है। वेदिका केवल वेस्टर्न ड्रेसेज में ही नहीं बल्कि भारतीय परिधानों में भी अच्छी लगती हैं। वेदिका सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वेदिका अपनी दिलकश तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। वेदिका तमिल के अलावा कन्नड़, मलयालम, तेलुगू, हिंदी और अंग्रेजी बोल सकती हैं। वेदिका को फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस के लिए कई अवॉर्ड्स मिल चुके हैं।




## टॉयलेट के ब्रश को साफ और सैनिटाइज करने के लिए अपनाएं यह तरीका



जितना जरूरी टॉयलेट सीट को साफ करना है, उतना ही जरूरी इसे साफ करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला ब्रश को साफ रखना है। जाहिर सी बात है कि अगर आप टॉयलेट सीट साफ करने के लिए गंदे ब्रश का इस्तेमाल करते हैं तो इससे टॉयलेट साफ नहीं होगा और उस पर कीटाणुओं के पनपने का खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। आइए जानते हैं कि टॉयलेट ब्रश को कैसे साफ और सैनिटाइल किया जा सकता है। टॉयलेट ब्रश के निचले हिस्से को इस तरह करें साफः टॉयलेट के निचले हिस्से को साफ करने के लिए पहले एक छोटी बाल्टी या फिर टब को पानी से भरें। इसके बाद इसमें दो बड़ी चम्मच सफेद सिरका और एक बड़ी चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। अब इस मिश्रण में लगभग एक घंटे के लिए टॉयलेट ब्रश को भिगोकर छोड़ दें। अंत में ब्रश को साफ पानी से धोकर ब्रश को सुखाने के लिए कहीं टांग दें। ऐसा करने से टॉयलेट ब्रश में फंसी सारी गंदगी अपने आप ही निकल जाएगी। ब्रश हैंडल– टॉयलेट ब्रश के हैंडल को साफ करने का तरीकाः टॉयलेट ब्रश के हैंडल की सफाई के लिए पहले एक कप पानी में एक बड़ी चम्मच ब्लीचिंग पाउडर और दो बड़ी चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। अब इस मिश्रण को टॉयलेट ब्रश के हैंडल पर लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद आप गर्म पानी से हैंडल को साफ करें। ऐसा करने से हैंडल अच्छे से साफ हो जाएगा। हालांकि, ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो क्योंकि इससे आपका हाथ जल सकता है। सैनिटाइज– टॉयलेट ब्रश को ऐसे करें सैनिटाइजः जब आप टॉयलेट ब्रश को अच्छी तरह से साफ कर लें तो इसके बाद ब्रश को सैनिटाइज यानि कीटाणुमुक्त भी जरूर करें। इसके लिए एक बाल्टी को हल्के गर्म पानी से भरें, फिर उसमें आधा कप डिटॉल या फिर कोई अन्य डिसइंफेक्टेड सॉल्यूशन मिलाएं। अब 15 से 20 मिनट तक के लिए टॉयलेट ब्रश को इस पानी में भिगोकर छोड़ दें। इसके बाद आप टॉयलेट ब्रश को सुखाने के लिए कहीं टांग दें। महत्वपूर्ण टिप्स– इन बातों पर भी दें खास ध्यानः बाथरूम में कभी भी गीला टॉयलेट ब्रश न रखें क्योंकि उसमें कीटाणु पनपने लगेंगे, जो बाथरूम को शरीर के लिए खतरा बना सकते हैं। गंदे टॉयलेट ब्रश से टॉयलेट सीट को कभी साफ न करें। ऐसा करने पर बेशक टॉयलेट सीट पर लगे दाग–धब्बे छूट जाएं लेकिन गंदा टॉयलेट ब्रश सीट के कीटाणु नष्ट नहीं कर पाता है। इसके अलावा, टॉयलेट ब्रश को हर तीन महीने बाद जरूर बदल दें।

## ऋचा चड्ढा के फैंस के लिए खुशखबरी, पहली बार एक्ट्रेस निभाएंगी ये दमदार रोल



बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा एक लंबे समय से अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा रही हैं. ऋचा ने अपने अब तक के करियर में एक से एक नायाब फिल्मों में काम भी किया है. ऋचा एक ऐसी एक्ट्रेस हैं जो अपनी एक्टिंग के दम पर फैंस के दिलों में राज करती हैं.अब ऋचा जल्द ही एक नई वेबसीरीज में नजर आने वाली हैं.

ऋचा एक बार फिर से फैंस के सामने एक नए रोल के जरिए रूबरू होने को तैयार हैं. आपको बता दें कि एक्ट्रेस अब पुलिस वाले किरदार फैंस को खुद का दीवाना करने वाली हैं. एक्ट्रेस इस सीरीज की शूटिंग शुरू हो गई है.

आपको बता दें कि ऋचा चड्ढा वूट सेलेक्ट की ओरिजिनल वेब सीरीज कैंडी में दिखाई देंगी, जहाँ वह पहली बार एक पुलिस वाले का किरदार करेंगी. फिल्म में रोनित रॉय भी मुख्य भूमिका में होंगे और आशीष शुक्ला द्वारा निर्दर्शित है. ऋचा को पर्दे पर निडर भूमिकाएं निभाने के लिए जाना जाता है और वह हमेशा मजबूत और महत्वपूर्ण किरदारों के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराती हैं. सीरीज में रोमांच और रहस्य का मिश्रण है जहां ऋचा एक छोटे से पहाड़ी शहर के एक स्कूल में भयावह हत्याओं की जांच करती नजर आएंगी.

ऋचा का मानना है कि किसी भी अभिनेता के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर और जटिल भूमिका निभाते हुए अपने क्षितिज का विस्तार करे और केवल ब्लैक एंड वाइट न हो. वह किसी भूमिका के लिए अभिनय करने की तुलना में कठिन भूमिका की तैयारी करती है. ऋचा कहती हैं, पुलिस वाले की भूमिका निभाना आसान नहीं था, इसके लिए बहुत अलग मानसिक संतुलन की जरूरत थी. मैं कुछ महिला पुलिसकर्मियों के साथ वक्त बिताना और भारतीय सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं के लिए परिवार की जरूरतों को प्रबंधित करने और साथ ही साथ कानून लागू करने वाले के रूप में काम करने के दोहरे दबाव को समझने के लिए काफी भाग्यशाली थी. ऋचा ने अपने करियर की शुरुआत फिल्मश्ओए लक्की! लक्की ओएच्य से की थी. फिल्म में अपने छोटे से रोल से ऋचा ने हर किसी को खुद का दीवाना कर दिया था. इसके बाद श्गैंग्स ऑफ वासेपुरय, फुकरे जैसी फिल्में करने के बाद उन्होंने फिर करियर में पलटकर नहीं देखा. ऋचा इन दिनों एक्टर अली फजल को डेट कर रही हैं और जल्द शादी करने वाली हैं.

## त्वचा पर लग गया है स्प्रे पेंट तो इन तरीकों से आसानी से छुटकारा पाएं

घर की दीवारों पर स्प्रे पेंट से डिजाइन बनाते समय या फिर छोटी–छोटी चीजों को रंगने के लिए लगाया जाने वाला स्प्रे पेंट त्वचा पर लग ही जाता है, जिसे साफ करने में काफी परेशानी होती है। कई बार तो इससे त्वचा पर जलन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप त्वचा पर लगे स्प्रे पेंट को बेहद आसानी से छुटा सकते हैं।

### नेल पेंट रिमूवर का करें इस्तेमाल

अगर आपकी त्वचा पर किसी भी कारणवश स्प्रे पेंट लग गया है तो आप उसे नेल पेंट रिमूवर का इस्तेमाल करके आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले थोड़ी सी रूई को नेल पेंट रिमूवर से भिगोएं, फिर उसे स्प्रे पेंट के दाग से प्रभावित



त्वचा पर हल्के हाथों से रगड़े। इसके बाद अपनी त्वचा को साफ पानी से धो लें। ऐसा करने से स्प्रे पेंट का दाग आसानी से आपकी त्वचा से निकल जाएगा।

### जैतून का तेल या बेबी ऑयल आएगा काम

जब भी आप स्प्रे पेंट का इस्तेमाल करें तो इससे पहले त्वचा की उन जगहों पर जैतून का तेल या फिर बेबी ऑयल लगा लें, जहां पेंट लग सकता है क्योंकि ये चीजें त्वचा पर एक सुरक्षित परत बनाकर इसे स्प्रे पेंट के नकारात्मक प्रभाव से बचा सकती हैं। जब भी आप स्प्रे पेंट का इस्तेमाल करें तो इससे पहले एक कॉटन पैड पर थोड़ा सा जैतून का तेल या बेबी ऑयल लगाकर इससे त्वचा पर हल्के हाथों से रगड़ें।

### पेट्रोलियम जेली भी है कारगरः

अगर आपसे अनजाने में अपनी त्वचा पर स्प्रे पेंट लग गया है तो इसे साफ करने के लिए आप पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए थोड़ी सी पैट्रोलियम जेली को कॉटन पैड पर लगाएं और फिर इसे त्वचा के उस हिस्से पर हल्के हाथों से रगड़े जहां स्प्रे पेंट लगा है। हो सकता है कि आपको इससे तुरंत फायदा न हो, लेकिन अगर आप बार–बार ऐसा करते हैं तो यकीनन स्प्रे पेंट साफ हो जाएगा।

### सेब का सिरका है प्रभावी

त्वचा पर लगे स्प्रे पेंट को साफ करने के लिए सेब के सिरके का इस्तेमाल करना एक अच्छा तरीका है। इसके लिए तीन से चार चम्मच सेब के सिरके को एक मग पानी में मिलाएं। इसके बाद रूई को इस मिश्रण से भिगोकर इसे त्वचा के उस हिस्से पर हल्के हाथों से रगड़े, जहां स्प्रे पेंट लगा है। इसके बाद त्वचा को हल्के गर्म पानी से धो दें। यकीनन इससे जल्द ही स्प्रे पेंट त्वचा से हट जाएगा।